RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 153 | FRIDAY DATE 26-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

### गुस्ताखी माफ

हमें सेलरी की अजी, नहीं खास दरकार।
इतना तो लेते बना, डेली हम सरकार।
डेली हम सरकार, बना लेते हैं इतना।
आप बताएं अभी, जुटा दें चंदा उतना।
कह साहिल कविराय, ऊंट के मुंह में जीरा।
इतने का तो पियें, रोज हम मूंद-कतीरा।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## संक्षिप्त खबरें

### लालू ने नहीं कराया एनकाउंटर, इसलिए आज सीएम हैं सम्राट चौधरी : सुधाकर सिंह

**पटना, यूटर्न/ 25 जून ।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद सुधाकर सिंह ने बिहार सरकार, मुख्यमंत्री और पुलिस कार्रवाई पर फिर तीखा हमला बोला है। उन्होंने विवादास्पद बयान देकर कहा कि लालू यादव नायक हैं और सम्राट चौधरी की नजर में इसलिए खलनायक हैं, क्योंकि उनका एनकाउंटर लालू ने नहीं कराया। अगर सम्राट चौधरी का एनकाउंटर हो गया होता, तब वह आज मुख्यमंत्री नहीं बनते। राजद सांसद सिंह ने दावा किया कि सम्राट चौधरी पर पहले हत्या, अपहरण और रंगदारी जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। उन्होंने जोड़ा कि कुछ लोगों की नजर में लालू परिवार और यादव समुदाय इसलिए खलनायक हैं, क्योंकि उन्होंने किसी का एनकाउंटर नहीं कराया। राजद सांसद ने राज्य में बढ़ती एनकाउंटर की घटनाओं पर बिहार सरकार की घेराबंदी की। उन्होंने आरोप लगाया कि नई सरकार बनने के बाद इसतरह के मामले बढ़े हैं, और पुलिस ने एक इसतरह के युवक की भी हत्या कर दी जिसके खिलाफ पहले कोई गंभीर मामला दर्ज नहीं था सांसद सिंह ने सीधे तौर पर कुंदन कृष्ण पर पटना से एसटीएफ भेजकर उस युवक की हत्या करवाने का आरोप लगाया।

### प्रयागराज में निर्जला एकादशी पर आस्था का जनसैलाब

**प्रयागराज, यूटर्न/ 25 जून ।** निर्जला एकादशी के पावन मौके पर संगम नगरी प्रयागराज में आस्था का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। देश के विभिन्न हिस्सों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने भीषण गर्मी और तेज धूप की परवाह न कर सुबह के पहले प्रहर से ही पवित्र त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। इस दौरान भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूरे घाट परिसर में मंत्रोच्चार, शंखनाद और आरतियों की गूंज से भक्तिमय माहौल बना। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में पर्व को लेकर गजब का उत्साह देखा गया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सभी एकादशियों में निर्जला एकादशी का विशेष महत्व है।

### छात्रों को आतंकवादी बताने पर शिक्षा मंत्री प्रधान माफी मांगें और इस्तीफा दें: राहुल गांधी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर तीखा हमला कर छात्रों को आतंकवादी कहने के आरोप पर युवाओं से माफी मांगने और तुरंत इस्तीफा देने की मांग की है। राहुल गांधी ने पोस्ट में केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह छात्रों की गंभीर समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के बजाय, उनकी आवाज दबाने में लगी हुई है। राहुल गांधी का यह बयान तब आया है जब केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान पर हाल ही में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के लिए आतंकवादी जैसी टिप्पणी करने का आरोप लगा है।

# वेनेजुएला भूकंप: 'मृतकों की संख्या बढ़कर 164 और 971 लोग घायल'

**आपदा में मृतकों की संख्या काफी बढ़ सकती है। इसके 10 हजार से एक लाख तक भी पहुंचने की आशंका जताई जा रही है**



**» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।**

वेनेजुएला में आए शक्तिशाली भूकंप में मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। देश की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने जनहानि को लेकर अपडेट दिया है। उन्होंने बताया कि मरने वालों की संख्या 32 से बढ़कर 164 हो गई है, वहीं घायलों की तादाद भी जबरदस्त तरीके से बढ़ी है। पहले जहां 700 लोगों के घायल होने की बात कही जा रही थी, वहीं अब ये 971 तक पहुंच गई है।

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने कहा कि देश में दो शक्तिशाली भूकंपों के बाद वेनेजुएला में 164 लोगों की मौत हो गई है और 971 लोग घायल हुए हैं। नए आंकड़े पहले बताए गए 32 मृतकों और 700 घायलों की संख्या से काफी ज्यादा हैं। अधिकारियों का कहना है कि राहत-बचाव कार्य जारी है। इससे लग रहा है कि संख्या और बढ़ सकती है।

रोड्रिगेज ने कहा कि अधिकारी देश के दूसरे हिस्सों से बचाव टीमों को सबसे ज्यादा प्रभावित ला गुएरा इलाके में भेज रहे हैं, जो राजधानी काराकस के उत्तर में है। उन्होंने कहा, 'वहां दर्जनों इमारतें गिर गई हैं... और हम अभी जान बचाने के लिए बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चला रहे हैं।'

वेनेजुएला के सरकारी प्रसारक को दिए एक इंटरव्यू में कार्यवाहक राष्ट्रपति ने कहा कि वह बचाव दल भेजने के लिए संयुक्त राष्ट्र के साथ समन्वय कर रही हैं। उन्होंने बताया कि देश के पुनर्निर्माण के लिए शुरूआती 20 करोड़ डॉलर (200 मिलियन डॉलर) का कोष बनाने को लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ भी बातचीत चल रही है।

रोड्रिगेज ने कहा कि भूकंप से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों को तेज करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग जुटाया जा रहा है। इस बीच, दुनिया के तमाम देशों ने वेनेजुएला को हरसंभव सहायता पहुंचाने का भरोसा दिया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पोस्ट के जरिए संवेदना व्यक्त करते हुए मदद का हाथ बढ़ाया। रोड्रिगेज ने जवाब में पीएम मोदी का आभार जताया। इस बीच, यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने चेतावनी दी है कि इस आपदा में मृतकों की संख्या काफी बढ़ सकती है। इसके 10 हजार से एक लाख तक भी पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। सोशल मीडिया पर चल रही तस्वीरों में काराकस की सड़कों पर कई घर भरभरा कर गिरे देखे जा सकते हैं।

बुधवार को एक के बाद एक दो भूकंप के झटकों से देश दहल गया था। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर पहले की तीव्रता 7.2 और दूसरे की 7.5 मापी गई। वेनेजुएला में एक सदी से भी ज्यादा समय में आए ये सबसे शक्तिशाली भूकंप के झटके थे।

## आपातकाल संविधान पर सीधा आघात था: मोदी



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल को संविधान पर सीधा हमला बताते हुए उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी है जिन्होंने उस समय लोकतांत्रिक मूल्यों की दृढ़तापूर्वक रक्षा की थी। श्री मोदी ने गुरुवार को देशभर में मनाए जाने वाले संविधान हत्या दिवस का उल्लेख करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा,' आज, हम उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने भारत के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्यायों में से एक, आपातकाल, के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की दृढ़तापूर्वक रक्षा की। आपातकाल हमारे संविधान पर सीधा आघात था। इस दौरान नागरिक स्वतंत्रताओं का निलंबन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध, राजनीतिक नेताओं, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारियाँ तथा उन संस्थाओं पर प्रहार देखने को मिला जो हमारे लोकतंत्र की आधारशिला हैं।

### आपातकाल लोकतंत्र और संविधान पर सबसे बड़ा हमला था: जेपी नड्डा

**पटना, यूटर्न/ 25 जून ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र, संविधान और नागरिक स्वतंत्रता पर सबसे बड़ा हमला था। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की लड़ाई का बीज बिहार और पटना की धरती पर बोया गया था, इसलिए 'संविधान हत्या दिवस' के मौके पर पटना में आयोजित कार्यक्रम का विशेष महत्व है।

# दिल्ली के 75 सीएम श्री स्कूलों में नयी सुविधाएं विकसित की जायेंगी : रेखा

**» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि राजधानी के सरकारी स्कूलों को आधुनिक, सुरक्षित और बेहतर सुविधाओं से लैस बनाने के उद्देश्य से 75 सीएम श्री स्कूलों में व्यापक मरम्मत, सुधार और नयी सुविधाएं विकसित की जायेंगी।

श्रीमती गुप्ता ने आज कहा कि हाल में हुई व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक में इसके लिए लगभग 264 करोड़ 90 लाख 88 हजार रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी है।

दिल्ली सरकार का लक्ष्य केवल स्कूल भवनों की मरम्मत कराना नहीं, बल्कि ऐसा शिक्षण वातावरण तैयार करना है, जहां विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ, आधुनिक और प्रेरणादायक परिसर मिले। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत स्कूलों के प्रवेश द्वारों का



आधुनिक स्वरूप में निर्माण, संशोधन और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उन पर सीएम श्री का नया लोगो और स्कूल का नाम प्रदर्शित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त भवनों में सीलन और नमी की समस्या दूर करने, वॉटरप्रूफिंग, आंतरिक एवं बाहरी पेंटिंग, प्लास्टर की मरम्मत, बाउंड्री वॉल एवं फेंसिंग का निर्माण अथवा मरम्मत, शौचालयों में सुधार, पेयजल सुविधा में सुधार, सीवर एवं ड्रेनेज व्यवस्था को बेहतर बनाने, आवश्यकता के अनुरूप खेल सुविधाओं का विकास, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की मरम्मत, मल्टीपरपज हॉल का नवीनीकरण और आवश्यकता अनुसार अन्य मरम्मत कार्य किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिकल कार्यों के तहत अग्नि सुरक्षा से जुड़े कार्य किये जायेंगे। खराब एलईडी लाइट, सीलिंग फैन, एग्जॉस्ट फैन और पीए (पब्लिक एड्रेस) सिस्टम को बदला जायेगा, ताकि पूरे परिसर में घोषणाएं और आपातकालीन सूचनाएं प्रभावी ढंग से प्रसारित की जा सकें। स्कूल परिसरों में हाई मास्ट लाइटिंग की व्यवस्था की जायेगी। मल्टीपरपज हॉल एवं कंप्यूटर लैब में एयर कंडीशनिंग, स्टेज लाइटिंग, सीएम श्री लोगो युक्त एलईडी साइनेज एवं एलईडी बोर्ड, इनबिल्ट आरओ वॉटर कूलर, मुख्य विद्युत पैनलों का अपग्रेडेशन और नयी वायरिंग, री-वायरिंग, पावर पॉइंट और लैन पॉइंट उपलब्ध कराये जायेंगे।

### मनजिंदर सिंह सिरसा ने जिला मजिस्ट्रेटों को प्रदूषण के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करने का निर्देश दिया



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को सभी जिला मजिस्ट्रेटों को बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को प्रदूषण के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करने और निवारण उपायों को लागू करने के लिए एक समन्वित जिला स्तरीय रणनीति तैयार करने का निर्देश दिया।

अधिकारियों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि धूल प्रदूषण दिल्ली की बिगड़ती वायु गुणवत्ता के प्रमुख कारणों में से एक है। प्रत्येक जिला मजिस्ट्रेट को धूल के स्रोतों की सक्रिय रूप से पहचान करनी चाहिए और प्रभावी निवारण उपायों को लागू करने के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे वह क्षतिग्रस्त सड़कें हों, निर्माण कार्य हो या खराब रखरखाव, धूल के हर स्रोत का समाधान समन्वित और परिणामोन्मुखी कार्रवाई के माध्यम से किया जाना चाहिए। बैठक में प्रदूषण के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करने, भीड़भाड़ कम करने के लिए यातायात प्रबंधन में सुधार करने, धूल नियंत्रण उपायों को मजबूत करने, अतिक्रमण हटाने, सार्वजनिक पार्कों के रखरखाव में सुधार करने, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की निगरानी करने और सभी संबंधित विभागों के बीच सुचारू समन्वय सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाना इतिहास के साथ न्याय : नितिन नवीन

**» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को कहा कि दशकों तक आपातकाल के काले अध्याय को देश की सामूहिक स्मृति से मिटाने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला करके इतिहास के साथ न्याय किया सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नितिन नवीन ने लिखा, 'यह दिवस आपातकाल के दौरान हुई घटनाओं की याद दिलाता है और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति देश की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।' उन्होंने कहा, '12 जून 1975 को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया था। इसके बाद राष्ट्रीय हित के बजाय सत्ता बचाने को



प्राथमिकता दी गई। एक व्यक्ति की कुर्सी बचाने के लिए पूरे देश की आजादी को बंधक बना लिया गया और बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कुचलने की कोशिश की गई।' नितिन नवीन ने दावा किया कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए आवाज उठाने वाले कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया था।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# दिल्ली में 923 कोचिंग सेंटरों का होगा फायर ऑडिट, नियमों का पालन नहीं करने वालों पर होगी कार्रवाई : आशीष सूद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।**



दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी के कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा कदम उठाने जा रही है। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने बताया कि शहर में करीब 923 से 924 कोचिंग सेंटर संचालित हो रहे हैं और इन सभी का अगले एक महीने के भीतर फायर ऑडिट और सुरक्षा निरीक्षण कराया जाएगा। आशीष सूद ने मीडिया से कहा कि कोचिंग सेंटरों के लिए नियम और कानून तैयार करने के उद्देश्य से गठित समिति की बैठक बुलाई जा चुकी है। यह समिति गौबा कमेटी की सिफारिशों के आधार पर बनाई गई है। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को इस पूरी प्रक्रिया के लिए नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है। दिल्ली सरकार के मंत्री ने कहा कि नगर निगम के साथ सभी संबंधित एजेंसियों को मिलकर एक महीने के भीतर सभी 923-924 कोचिंग सेंटरों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान फायर सेफ्टी, सुरक्षा मानकों और अन्य जरूरी दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन कोचिंग संस्थानों के दस्तावेज पूरे नहीं होंगे या जो सुरक्षा ऑडिट में तय मानकों पर खरे नहीं उतरेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर उन्हें सील भी किया जा सकता है। आशीष सूद ने यह भी बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत गठित समिति की सिफारिशों के आधार पर जल्द ही एक नया कानून लाया जाएगा। इस कानून में कोचिंग संस्थानों की फीस से लेकर संचालन और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया जाएगा। वहीं, कक्षा 9 की एनसीईआरटी किताब में आपातकाल (इमरजेंसी) का नया अध्याय शामिल किए जाने के सवाल पर भी दिल्ली सरकार के मंत्री ने प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को यह जानना चाहिए कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता क्या होती है और घोषित तथा अघोषित आपातकाल में क्या अंतर होता है। मंत्री आशीष सूद ने कहा कि देश के युवाओं को यह भी पता होना चाहिए कि आपातकाल के दौरान किस प्रकार की घटनाएं और अत्याचार हुए थे।

## आपातकालः राजनाथ सिंह बोले- 'संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने की हुई थी कोशिश'

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।**

साल 1975 में भारत में लगाए गए आपातकाल को आज 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उस दौर में संविधान के मूल्यों और लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करने के भरसक प्रयास किए गए थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, '25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह काला दिन था, जब देश पर आपातकाल लगाया गया।' उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान सत्ता के अहंकार में नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को कुचला गया, हजारों राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों व आम नागरिकों को अकारण जेलों में डाला गया और असहमति की आवाजों को दबाया गया। उस दौर में



संविधान के मूल्यों और लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करने के भरसक प्रयास किए गए। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में स्मरण करने का निर्णय लेकर देश को इस काले अध्याय की याद दिलाई है, ताकि भावी पीढ़ियां लोकतंत्र पर हुए उस प्रहार को कभी न भूलें। उन्होंने यह भी कहा कि ये दिन लोकतंत्र, नागरिक स्वतंत्रता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को फिर से दृढ़ करने का अवसर भी है।

# अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा ने किया कानूनी प्रकोष्ठ का गठन

## कुरुक्षेत्र के बीबी जिंदल एवं लाड़वा के अरविंद सिंघल को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया

**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 25 जून ।** कुरुक्षेत्र अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कानूनी प्रकोष्ठ (लीगल सेल) का गठन किया है। कुरुक्षेत्र में जानकारी देते हुए महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि नियुक्तियों के तहत प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने समाज के अनुभवी अधिवक्ताओं एवं विधि विशेषज्ञों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने बताया कि जारी नियुक्ति पत्र में अंकुश जैन रोहतक को कानूनी प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता शिव कुमार गुप्ता यमुनानगर को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



इसके अतिरिक्त अधिवक्ता बीबी जिंदल कुरुक्षेत्र एवं अधिवक्ता अरविंद सिंघल लाडवा को प्रदेश उपाध्यक्ष, अधिवक्ता सचिन सिंगला भिवानी को प्रदेश महासचिव तथा अधिवक्ता संदीप गर्ग पानीपत एवं अधिवक्ता ललित बिंदल पलवल को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। महासचिव राजेश सिंगला ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कानूनी प्रकोष्ठ का गठन समाज के सदस्यों को विधिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने, उनके अधिकारों की रक्षा करने तथा विभिन्न कानूनी विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवगठित टीम अपने अनुभव एवं कार्यक्षमता के बल पर संगठन को नई मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने ने कहा कि कानूनी प्रकोष्ठ समाज के प्रत्येक सदस्य के लिए एक मजबूत सहयोगी के रूप में कार्य करेगा। समय-समय पर विधिक जागरूकता शिविर, परामर्श कार्यक्रम तथा कानूनी विषयों पर संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा ताकि समाज के लोग अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक हो सकें। महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि इसी कड़ी में जल्द ही समाज के साहित्य एवं सांस्कृतिक तथा प्रोफेशनल प्रकोष्ठ का भी गठन किया जाएगा। नव नियुक्त अध्यक्ष अधिवक्ता शिव कुमार गुप्ता ने कहा कि उन्हें संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी पर गर्व है और वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कानूनी प्रकोष्ठ को प्रदेश स्तर पर सक्रिय एवं प्रभावी बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के हितों से जुड़े विषयों पर कानूनी सहायता एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराना प्रकोष्ठ की प्राथमिकता होगी।

# बाल भवन में ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन, बच्चों ने दिखाया हुनर

» **पानीपत, यूटर्न/ 25 जून ।**

बाल भवन में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहरी विधायक प्रमोद विज की धर्मपत्नी समाजसेवी नीरू विज मुख्य रूप से पहुंचीं वही उनकी पुत्रवधु मुख्यरूप से मौजूद रही । उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें खाने-पीने की सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में समाजसेवी अनु कालड़ा, अमिता चोपड़ा भी शामिल हुईं। समापन समारोह में बच्चों ने शिविर के दौरान सीखी गई विभिन्न गतिविधियों की प्रस्तुति दी। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास देखकर मौजूद लोगों ने उनकी सराहना की।

नीरू विज ने कहा कि शिविर के दौरान बच्चों ने जो समय सीखने और नई चीजों को समझने में लगाया है, वह उनके भविष्य में काफी मददगार साबित होगा। ऐसे आयोजन बच्चों की छिपी प्रतिभा को सामने लाने का बेहतर माध्यम हैं।

जिला बाल कल्याण अधिकारी ऋतु राठी ने बताया कि इस बार ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने डांस, जूडो, कराटे सहित कई गतिविधियों में हिस्सा लिया और अपने हुनर को निखारा। उन्होंने कहा कि बच्चों को इस तरह के मंच मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने बताया कि हर वर्ष हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की ओर से ऐसे शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में गरीब और स्लम एरिया के बच्चों को भी शामिल किया जाता है। लड़कियों को सिलाई-कढ़ाई जैसे हुनर सिखाए जाते हैं, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।



# पीएम राहत स्कीम को लेकर प्रशासन अलर्ट, हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचेगा लाभ : उपायुक्त

**दुर्घटना पीड़ितों की जिंदगी बचाना सर्वोच्च प्राथमिकता, अस्पतालों को दिए स्पष्ट निर्देश**

» **पानीपत, यूटर्न/ 25 जून ।**



सडक दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर उपचार उपलब्ध करवाने और प्रधानमंत्री राहत स्कीम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने वीरवार को जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में स्कीम के तहत लाभार्थियों को शीघ्र सहायता प्रदान करने तथा अस्पतालों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि सडक दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के लिए शुरूआती समय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। ऐसे मामलों में उपचार देने में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। प्रशासन का उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाकर अधिक से अधिक जीवन बचाना है। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री राहत स्कीम मानव जीवन की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है और जिला प्रशासन इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उपायुक्त डॉ. हरीश ने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि स्कीम का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। किसी भी दुर्घटना पीड़ित को उपचार या सहायता प्राप्त करने में परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उपायुक्त ने निजी अस्पतालों से भी स्कीम के तहत किए जा रहे कार्यों तथा दुर्घटना मामलों से संबंधित आवश्यक आंकड़े उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए, ताकि योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा की जा सके और जरूरत पडने पर सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। बैठक के दौरान जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय मलिक ने प्रधानमंत्री राहत स्कीम के तहत अब तक की प्रगति की जानकारी दी तथा योजना के अंतर्गत प्राप्त मामलों पर की जा रही कार्रवाई से अवगत कराया। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और निजी अस्पतालों के समन्वय से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सडक दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा सहायता मिले और सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचे।

# ईडी ने 600 करोड़ रुपए से अधिक के कथित दवा खरीद घोटाले में डीजीएचएस से मांगे दस्तावेज

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग से 600 करोड़ रुपए से अधिक के कथित दवा खरीद घोटाले के सिलसिले में दस्तावेज मांगे हैं। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने मेडिकल उपकरणों की खरीद में कथित घोटाले को लेकर जांच शुरू की है। इस मामले में एजेंसी ने मैन्युफैक्चरर्स और सप्लायर्स से जुड़े टेंडर, पेमेंट और ट्रांजैक्शन के रिकॉर्ड भी मांगे हैं।

ईडी की दिल्ली जोन-2 टीम ने दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के निदेशक को एक पत्र भेजा है, जिसमें सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी (सीपीए) और डीजीएचएस की ओर से की गई खरीद से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा है।

जांच के दायरे में एक्स-रे मशीन, सी-आर्म रेडियोलॉजिकल उपकरण, एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन, ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट (ओआरएस), बेड शीट, लिनेन सामान, सर्जिकल सामान, ड्रेसिंग, स्यूचर, कैनुला, दस्ताने और




दवाइयों जैसी खरीद शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने तथाकथित घोटाले की जांच करते हुए टेंडर प्रक्रिया, तकनीकी और वित्तीय मूल्यांकन, ठेके देने की प्रक्रिया, सामान की सप्लाई, जांच, मंजूरी और पेमेंट रिलीज से जुड़े रिकॉर्ड भी मांगे हैं। इसके अलावा ईडी ने उन कंपनियों, मैन्युफैक्चरर्स, ओईएम और डिस्ट्रीब्यूटर्स से जुड़े लेन-देन की जानकारी मांगी है, जिनसे मेडिकल उपकरण खरीदे गए थे। जिन कंपनियों और उपकरणों से जुड़े रिकॉर्ड मांगे गए हैं, उनमें पोर्टेबल एक्स-रे मशीन, सी-आर्म मशीन और एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन बनाने वाली कंपनियां शामिल हैं। ईडी इस पूरे मामले में यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मेडिकल सामान की खरीद प्रक्रिया में कोई अनियमितता, वित्तीय गड़बड़ी या मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा मामला तो नहीं है। सूत्रों ने कहा कि फिलहाल जांच जारी है और विभाग से मांगे गए दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले, दिल्ली सरकार की एंटी-करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी (सीपीए) के पूर्व प्रमुख विनोद कुमार रंगा को दवाओं, सर्जिकल सामान, इस्तेमाल होने वाली चीजों और मेडिकल उपकरणों की गैर-कानूनी खरीद में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

दवा खरीद घोटाला इस महीने की शुरूआत में सीपीए की ओर से दवाओं और मेडिकल उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के कारण चर्चा में आया था। इस घटना के बाद कई डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ जांच एजेंसियों की नजर में आए। वहीं, दिल्ली के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद मुकदमा दर्ज किया गया था।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# सही मतदाता सूची बनाने में बी.एल.ओ. का सहयोग करें जागरूक नागरिक : अशोक कुमार मैहता

## एस.आई.आर. प्रक्रिया में अपनी वोट के साथ-साथ हर जायज वोट का सत्यापन और हर गलत वोट कटवाएं : मैहता



» **हरियाणा, यूटर्न/ 25 जून ।**

हरियाणा के पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक कुमार मैहता ने कहा कि एस.आई.आर. (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के दौरान जागरूक मतदाताओं का दायित्व केवल अपनी वोट तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें सही मतदाता सूची तैयार करने में बी.एल.ओ. का सहयोग करना चाहिए, जिसमें उनकी अपनी वोट के साथ-साथ हर जायज वोट का सत्यापन और हर गलत वोट का कटना सुनिश्चित हो। हर मतदाता को इस प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति में अशोक मैहता ने कहा कि हमारा भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर वोट का अपना विशेष महत्व है, इसलिए मतदाता सूची केवल एक प्रशासनिक दस्तावेज नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आधारशिला है। यदि मतदाता सूची में त्रुटियां हों, पात्र मतदाताओं के नाम छूट जाएं अथवा गलत विवरण दर्ज हों तो इसका सीधा प्रभाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर पड़ता है।

इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व बनता है कि वह अपने मतदाता विवरण की जांच कर उसे सही करवाए।

अशोक मैहता ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशांनुसार चलाए जा रहे इस विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) अभियान के तहत इन दिनों बूथ लेवल अधिकारी (बी.एल.ओ.) हरियाणाभर में घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं तथा गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं।

# मशोबरा शिमला क्षेत्र का पहला स्थान बन गया है जहां 24 7 निरंतर पेयजल आपूर्ति शुरू हो चुकी है

» **हरियाणा, यूटर्न/ 25 जून ।**

एसजेपीएनएल की 247 निरंतर एवं प्रेशरयुक्त पेयजल वितरण परियोजना के अंतर्गत शिमला शहर के कच्ची घाटी, टूटू, एडवांस स्टडीज, मजियाठ, जाखू,, बेनमोर, शांति विहार, नवबहार, भट्टाकुफर, अंबेडकर कॉलोनी, ढली एवं ढिंगू देवी क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने एवं सड़क बहाली का कार्य प्रगति पर है।

रवऐ की सड़क बहाली टीमें नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्यस्थलों पर होने वाली असुविधा को न्यूनतम रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।

अंबेडकर कॉलोनी एवं मशोबरा क्षेत्रों में शीघ्र ही घरेलू जल कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे, जिससे और अधिक परिवार इस आधुनिक जल वितरण प्रणाली से जुड़ सकेंगे।






परियोजना गतिविधियों के दौरान जन-जागरूकता एवं शिकायत निवारण के लिए स्थानीय निवासियों तथा पार्षदों से लगातार संवाद एवं परामर्श किया जा रहा है। उनके सहयोग से कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है।

एक महत्वपूर्ण उपलब्धि ! मशोबरा शिमला क्षेत्र का पहला स्थान बन गया है, जहां 247 निरंतर पेयजल आपूर्ति शुरू हो चुकी है। स्थानीय निवासी अब चौबीसों घंटे निर्बाध, प्रेशरयुक्त एवं सुविधाजनक जल आपूर्ति का लाभ उठा रहे हैं।

यह महत्वाकांक्षी परियोजना चरणबद्ध तरीके से पूरे शहर में लागू की जा रही है और आने वाले समय में शिमला के सभी नागरिकों को 247 सुरक्षित, विश्वसनीय एवं निरंतर पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराई जाएगी।

# सद्गुरु कबीर साहेब के 628वें प्रकट दिवस पर 42वाँ सत्संग एवं संत समागम समारोह का आयोजन

» **निर्मल सिंह विर्क**

पानीपत, यूटर्न/ 25 जून । सद्गुरु कबीर जन सेवा समिति (रजि.) पानीपत द्वारा सद्गुरु कबीर साहेब के 628वें प्रकट दिवस के पावन अवसर पर 42वें सत्संग एवं संत समागम समारोह का आयोजन दिनांक 26 जून 2026, शुक्रवार को सद्गुरु कबीर आश्रम, 68 ग्रीन पार्क, तहसील कैंप, पानीपत में किया जा रहा है।



समारोह में हरियाणा सरकार के वरिष्ठ सचिव, खाद्य आपूर्ति विभाग, चंडीगढ़ श्री शिव कुमार अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम का आयोजन आचार्य कबीर पंथ परम पूज्य वंशाचार्य सद्गुरु पंथ श्री हजूर उदित मुनिनाम साहेब जी के पावन आशीर्वाद तथा परम पूज्य महंत माधव दास जी साहेब की असीम कृपा ो संपन्न होगा। समारोह की अध्यक्षता महंत सुंदर दास जी साहेब (करावल नगर, दिल्ली) करेंगे। कार्यक्रम में प्रातः 9:00 बजे से गुरु महिमा, प्रातः 10:00 बजे ध्वजारोहण, प्रातः 11:00 बजे से सत्संग एवं प्रवचन, सायं 4:00 बजे चौका आरती तथा सायं 6:00 बजे से विशाल भोजन भंडारे का आयोजन होगा। समारोह में हरियाणा सरकार के वरिष्ठ सचिव, खाद्य आपूर्ति विभाग, चंडीगढ़ श्री शिव कुमार अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

इसके अतिरिक्त समाज के होनहार मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के साथ सम्मानित किया जायेगा । सद्गुरु कबीर जन सेवा समिति (रजि.) पानीपत समस्त प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया प्रतिनिधियों से विनम्र अनुरोध करती है कि इस आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्व के कार्यक्रम में आप 12: 30 बजे सादर आमंत्रित है आप सभी से मीडिया के साथियो से अनुरोध है इस अवसर पर आप पधारकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति एवं मीडिया सहयोग प्रदान करें।

# निर्जला एकादशी पर छबील लगा कर किया जलजीरा वितरित

भीषण गर्मी के बीच इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में परोपकार और मानवता का संदेश देते हैं। आयोजन को सफल बनाने में समाजसेवी दलबीर मलिक एवं सन्नी गुप्ता का भी विशेष सहयोग रहा।



» **कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 25 जून ।**

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट एवं स्थानीय बाजार के दुकानदारों द्वारा रेड रोड स्थित नागपाल नर्सिंग होम के बाहर छबील लगाकर राहगीरों एवं श्रद्धालुओं को शीतल जलजीरा वितरित किया गया। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा, सीनियर सिटीजन फोरम कुरुक्षेत्र के निवर्तमान प्रधान डॉ. ए.सी. नागपाल, ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, आस्था मैरिज ब्यूरो के राकेश गाबा, सहजयोग से सुधीर कुमार व सुधांशु कुमार, गुलाटी मेडिकोज से गुलशन गुलाटी, रिंकू, वंश वधवा, एप्टीक ओवरसीज से असीम शर्मा, अश्वनी तथा जगजीत सिंह ने जलजीरा वितरण कर सेवा भाव का परिचय दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि निर्जला एकादशी के दिन प्यासे लोगों को शीतल पेय एवं जल उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य माना जाता है। भीषण गर्मी के बीच इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में परोपकार और मानवता का संदेश देते हैं। आयोजन को सफल बनाने में समाजसेवी दलबीर मलिक एवं सन्नी गुप्ता का भी विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने जलजीरा ग्रहण कर आयोजकों के इस सेवा कार्य की सराहना की।

# भारतीय पशु त्वचा विज्ञान कांग्रेस में लुवास को मिला राष्ट्रीय सम्मान



» **हरियाणा, यूटर्न/ 25 जून ।**

कुलपति कार्यालय में आज आयोजित एक विशेष भेंट कार्यक्रम के दौरान लुवास के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एवं सहायक प्रोफेसर तथा जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नीलेश सिंधु को पशु त्वचा विज्ञान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय वैज्ञानिक योगदान के लिए प्राप्त राष्ट्रीय सम्मान पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंधु की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है तथा उनके कार्य से पशु चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में लुवास की पहचान और अधिक सुदृढ़ हुई है। कुलपति ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके वैज्ञानिक योगदान से भविष्य में भी विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धियाँ प्राप्त होंगी। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार के लिए यह अत्यंत गर्व एवं गौरव का विषय है कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एवं सहायक प्रोफेसर तथा जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नीलेश सिंधु को पशु त्वचा विज्ञान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय वैज्ञानिक योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हाल ही में कोलकाता स्थित आई.टी.सी. रॉयल बंगाल में आयोजित पांचवीं भारतीय पशु त्वचा विज्ञान कांग्रेस के दौरान प्रदान किया गया। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन का आयोजन एसोसिएशन फॉर वेटरनरी डमेटॆलॉजी, इंडिया (एवीडी) द्वारा किया गया, जिसमें देश-विदेश के पशु चिकित्सा विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान डॉ. नीलेश सिंधु को वैज्ञानिक सत्रों में जज एवं चेयरपर्सन के रूप में उनकी विशेषज्ञ सेवाओं तथा आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान के लिए 'प्रशंसा प्रमाण पत्र' एवं 'प्रशंसा सम्मान' प्रदान किया गया। सम्मेलन के एक सत्र (पैटस्टार मैनकाइंड एवं प्रैक्टिशनर सेशन) में डॉ. नीलेश ने बतौर चेयरमैन की भूमिका में अपना योगदान भी दिया। इस अवसर पर लुवास, हिसार को भी एक विशेष उपलब्धि प्राप्त हुई। विश्वविद्यालय को पशु त्वचा विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को प्रोत्साहित करने, मार्गदर्शन देने तथा शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 'संस्थागत प्रशस्ति प्रमाण पत्र' से सम्मानित किया गया।

# सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर टीबी मुक्त 85 परिवारों में लौटी मुस्कान

## प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कुरुक्षेत्र और कैथल में सांसद नवीन जिन्दल के सहयोग से चलाए गए अभियान ने बदली मरीजों की जिंदगी

» **अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 25 जून । टीबी से मुक्ति के लिए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सांसद नवीन जिन्दल के सहयोग से कुरुक्षेत्र और कैथल जिलों में 100 निःक्षय मित्रों को चिन्हित कर टीबी मरीजों को गोद लिया गया था। दोनों जिलों में उपचार के दौरान उन्हें पोषण और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया था। इस मुहिम के परिणामस्वरूप दोनों जिलों में सहयोग प्राप्त करने वाले 100 में से 85 मरीज



सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में 100 नि:क्षय मित्रों में से 85 मरीज स्वस्थ होकर मुख्यधारा से जुड़े

सफलतापूर्वक अपना इलाज पूरा कर चुके हैं। ये मरीज अब टीबी मुक्त होकर स्वस्थ जीवन की ओर लौट चुके हैं तथा समाज की मुख्यधारा से जुड़ गए हैं। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत चयनित मरीजों को लगातार 6 महीने तक पोषण सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। इसके साथ-साथ नियमित रूप से उनकी काउंसलिंग और मार्गदर्शन भी किया गया था। ताकि मरीजों का मनोबल बना रहे और वे अपना इलाज पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर सकें।

उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल जनहित और समाज कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण अभियानों में सक्रिय सहयोग देते रहे हैं, ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाई जा सके।

# गुरुग्राम FIR का राजनीतिक असर
## फोरेंसिक से परे एक राजनीतिक तूफ़ान



संदीप शर्मा

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के कथित kअपवित्रताl (sacrilege) वाले वीडियो से जुड़ी फोरेंसिक रिपोर्ट में हेरफेर के आरोप में गुरुग्राम में दर्ज FIR एक बड़े राजनीतिक विवाद का रूप ले सकती है। यह मामला सिर्फ़ एक आपराधिक जांच से कहीं ज़्यादा है; यह 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले पंजाब में राजनीतिक नैरेटिव को बदल सकता है और आम आदमी पार्टी (AAP), भारतीय जनता पार्टी (BJP) और कुछ हद तक शिरोमणि अकाली दल (SAD) के बीच लड़ाई को और तेज़ कर सकता है। इस विवाद के केंद्र में दबाव डालने, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड में हेरफेर करने और पहले से तय फोरेंसिक नतीजे हासिल करने की कोशिशों के गंभीर आरोप हैं। अगर ये आरोप साबित हो जाते हैं, तो ये संस्थागत ईमानदारी और बहुत ज़्यादा राजनीतिक और धार्मिक संवेदनशीलता वाले मामलों में प्रभाव के दुरुपयोग को लेकर चिंताजनक सवाल खड़े करेंगे। BJP के लिए, यह FIR AAP सरकार पर अपने हमले को तेज़ करने का एक मौका देती है। पार्टी ने लगातार AAP की साफ़-सुथरी और पारदर्शी सरकार वाली छवि को कमज़ोर करने की कोशिश की है। गुरुग्राम का मामला यह तर्क देने के लिए नया हथियार देता है कि जिस पार्टी ने ईमानदारी के आधार पर अपना राजनीतिक ब्रांड बनाया, उसने खुद राजनीतिक फ़ायदे के लिए संस्थागत प्रक्रियाओं से समझौता किया हो सकता है। चूंकि BJP पंजाब में, खासकर शहरी मतदाताओं और पारंपरिक क्षेत्रीय पार्टियों से निराश लोगों के बीच अपनी पैठ बढ़ाना चाहती है, इसलिए यह विवाद एक अहम राजनीतिक मुद्दा बन सकता है। पार्टी संभवतः किसी केंद्रीय एजेंसी से स्वतंत्र जांच की मांग करेगी और इस घटना को AAP के तहत शासन की व्यापक कमियों का एक लक्षण बताएगी। हालांकि, AAP के लिए दांव पर बहुत कुछ लगा है। पार्टी की राजनीतिक पहचान ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के वादे पर टिकी है। अगर ऐसी कोई धारणा बनती है कि सरकार से जुड़े लोगों ने अपने पक्ष में फोरेंसिक रिपोर्ट तैयार करने की कोशिश की, तो इससे उनकी बड़ी मेहनत से बनाई गई छवि को नुकसान पहुँच सकता है। भले ही आरोप बाद में गलत साबित हो जाएं, लेकिन लंबे समय तक जनता की नज़र में रहने और लगातार राजनीतिक हमलों से नुकसान हो सकता है। AAP की रणनीति संभवतः इस विवाद को एक राजनीतिक रूप से प्रेरित कदम के तौर पर पेश करने की होगी, जिसका मकसद चुनी हुई राज्य सरकार को बदनाम करना है। इन घटनाक्रमों का असर शिरोमणि अकाली दल पर भी पड़ सकता है, जिसने पिछले दशक में अपवित्रता से जुड़े विवादों की सबसे ज़्यादा राजनीतिक कीमत चुकाई है। 2015 में हुई बेअदबी की घटनाओं और उसके बाद कोट kapura और बेहबल कलां में पुलिस फायरिंग के बाद, सिख वोटरों के एक बड़े हिस्से के बीच SAD की साख को भारी नुकसान पहुँचा था। अब पार्टी इस ताज़ा विवाद का इस्तेमाल यह तर्क देने के लिए कर सकती है कि सरकार बदलने के बाद भी यह मुद्दा पंजाब की राजनीति में बना हुआ है। ऐसा तर्क SAD को पंथिक वोटरों के बीच अपनी खोई हुई राजनीतिक ज़मीन वापस पाने में मदद कर सकता है। फिर भी, पार्टी के सामने एक नाजुक संतुलन बनाने की चुनौती है। बेअदबी पर फिर से कोई भी चर्चा अनिवार्य रूप से उसके अपने रिकॉर्ड की जांच-पड़ताल को फिर से शुरू कर देगी। नतीजतन, अकाली दल के खुद को निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग तक सीमित रखने की संभावना है, साथ ही वह बहुत ज़्यादा आक्रामक राजनीतिक रुख अपनाने से भी बचेगा। कांग्रेस को भी कुछ राजनीतिक फ़ायदा हो सकता है, खासकर इसलिए क्योंकि उसके नेता फोरेंसिक रिपोर्ट पर सवाल उठाने वालों में सबसे पहले थे। हालाँकि, इस मुद्दे पर मुख्य मुकाबला AAP और BJP के बीच ही रहने की संभावना है, भले ही असली मुकाबला AAP और कांग्रेस के बीच हो। फिलहाल, गुरुग्राम FIR ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि पंजाब की राजनीतिक लड़ाई शासन और चुनावी गणित से आगे बढ़कर संस्थागत विश्वसनीयता, जनता के भरोसे और राजनीतिक नैतिकता के कहीं अधिक संवेदनशील दायरे में चली गई है—ऐसे मुद्दे जो अक्सर चुनावी राजनीति पर गहरी छाप छोड़ते हैं।

# बदला हुआ आदमी

स्कॉटलैंड के एक राजा को शत्रुओं ने पराजित कर दिया। उसे धन-जन की बड़ी हानि हुई और संगी-साथी भी छूट गए। अब बस उसका जीवन बचा था, पर शत्रु उसकी टोह में थे। प्राण बचाने के लिए वह भागा-भागा फिर रहा था। स्थिति यह थी कि राजा अब मरा कि तब मरा। राजा एक खोह में छिपा अपनी मौत की प्रतीक्षा करते हुए सोच रहा था- शत्रु की तलवार पल भर में मेरा काम तमाम कर देगी।

तभी राजा ने देखा- एक मकड़ी खोह के दरवाजे पर जाला बनाने में व्यस्त थी। वह कई बार कोशिश करती, नाकाम रहती, लेकिन फिर से उठकर जाला बनाने लगती। राजा ने सोचा- यह व्यर्थ प्रयत्न कर रही है। बिना आधार के जाला भला कैसे बना पाएगी। किंतु आश्चर्य, मकड़ी का एक झीना-सा सूत्र खोह के मुंह पर अटक ही गया। बस फिर एक के बाद एक सूत्र अटकते चले गए और देखते-देखते जाला तेजी से बुना जाने लगा। थोड़ी देर में पूरी खोह के मुंह पर जाला तैयार था।

तभी शत्रु के सिपाही वहां आ पहुंचे। लेकिन खोह के मुंह पर मकड़ी का जाला बना देख वापस लौट गए। करीब आई हुई मौत तो वापस चली गई पर राजा को एक गहरे विचार में छोड़ गई। उसने सोचा- मकड़ी बार-बार गिरकर भी निराश और परास्त नहीं हुई तो मैं इंसान होकर भी क्यों डर रहा हूं? मैं भी अवश्य अपने शत्रुओं को परास्त करूंगा। इस मकड़ी ने मेरा संकल्प मजबूत कर दिया है। यह सोचते ही वह खोह से बाहर निकल गया।

## मादक पदार्थों का बढ़ता साम्राज्य और सिमटते सपने
# ड्रग्स के दलदल में धंसती युवा पीढ़ी

**इंटरनेट और डिजिटल तकनीक ने जहां ज्ञान के नए द्वार खोले हैं, वहीं नशे के कारोबार को भी नए साधन उपलब्ध कराए हैं। सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्स और डार्क वेब के माध्यम से मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त पहले से कहीं अधिक आसान हो गई है। अब नशे का सौदा किसी सुनसान गली तक सीमित नहीं बल्कि स्मार्टफोन की स्क्रीन तक पहुंच चुका है। यही कारण है कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में नशे की पहुंच चिंताजनक रूप से बढ़ती जा रही है।**

योगेश कुमार गोयल




किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी के सपनों, ऊर्जा और सृजनशीलता पर निर्भर करता है लेकिन जब यही युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आने लगे तो यह केवल एक सामाजिक समस्या नहीं रह जाती बल्कि राष्ट्रीय संकट का रूप धारण कर लेती है। आज भारत सहित दुनिया के अनेक देशों के सामने यही चुनौती खड़ी है। युवाओं की प्रतिभा, उनकी सोच, उनकी रचनात्मकता और उनके भविष्य पर नशे का ऐसा ग्रहण लग रहा है, जो न केवल परिवारों को बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को भीतर से खोखला कर रहा है। इसी गंभीर चुनौती के प्रति वैश्विक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि पूरी मानवता को चेताने का अवसर है कि यदि नशे के बढ़ते दुष्चक्र को समय रहते नहीं रोका गया तो इसके परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतने पड़ेंगे।

भारत में नशे की समस्या अब महानगरों तक सीमित नहीं रही। यह गांवों, कस्बों, छोटे शहरों और यहां तक कि स्कूलों तथा कॉलेजों तक पहुंच चुकी है। कभी माना जाता था कि नशीले पदार्थों का सेवन केवल संपन्न वर्ग या शहरी संस्कृति की समस्या है लेकिन आज वास्तविकता इससे कहीं अधिक भयावह है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन, सिंथेटिक ड्रग्स और इंजेक्शन के माध्यम से लिए जाने वाले नशीले पदार्थों का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। यह स्थिति बताती है कि नशे का नेटवर्क अब समाज की हर परत तक पहुंच चुका है। आज का युवा अनेक प्रकार के दबावों से घिरा हुआ है। प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, सामाजिक अपेक्षाएं, पारिवारिक तनाव, मानसिक अवसाद, अकेलापन और त्वरित सफलता की चाह उसे भीतर से कमजोर बना रही है। ऐसे में नशे के सौदागर युवाओं की इन्हीं कमजोरियों का फायदा उठाकर उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं। कई बार मित्रों का दबाव, आधुनिक दिखने की चाह, रोमांच की तलाश या क्षणिक सुख का आकर्षण युवाओं को नशे की ओर धकेल देता है। शुरूआत अक्सर जिज्ञासा से होती है लेकिन धीरे-धीरे यही जिज्ञासा लत और फिर विनाश का कारण बन जाती है।

इंटरनेट और डिजिटल तकनीक ने जहां ज्ञान के नए द्वार खोले हैं, वहीं नशे के कारोबार को भी नए साधन उपलब्ध कराए हैं। सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्स और डार्क वेब के माध्यम से मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त पहले से कहीं अधिक आसान हो गई है। अब नशे का सौदा किसी सुनसान गली तक सीमित नहीं बल्कि स्मार्टफोन की स्क्रीन तक पहुंच चुका है। यही कारण है कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में नशे की पहुंच चिंताजनक रूप से बढ़ती जा रही है। आज देश के अनेक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में नशीले पदार्थों की उपलब्धता को लेकर समय-समय पर गंभीर सवाल उठते रहे हैं। यह विडंबना ही है कि जिन परिसरों में देश के भविष्य का निर्माण होना चाहिए, वहां कुछ युवा अपने भविष्य को स्वयं नष्ट करने की राह पर बढ़ रहे हैं। आधुनिकता और स्वतंत्रता की गलत व्याख्या ने भी इस समस्या को बढ़ाया है। कई युवाओं को यह भ्रम होता है कि नशा उन्हें अधिक आत्मविश्वासी, रचनात्मक और आधुनिक बनाता है, जबकि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को धीरे-धीरे समाप्त कर देता है। उसकी निर्णय लेने की शक्ति कमजोर हो जाती है, स्मरणशक्ति प्रभावित होती है, एकाग्रता घटती है और मानसिक संतुलन बिगड़ने लगता है। जो युवा अपने जीवन में बड़े सपने लेकर आगे बढ़ता है, वही नशे की गिरफ्त में आकर अपनी प्रतिभा और संभावनाओं को स्वयं नष्ट कर देता है। यही कारण है कि नशे को केवल स्वास्थ्य समस्या नहीं बल्कि मानव संसाधन के विनाश की समस्या माना जाता है।

नशीले पदार्थों का सबसे घातक प्रभाव यह है कि वे व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक दोनों रूपों से गुलाम बना देते हैं। एक बार लत लग जाने पर व्यक्ति उसी प्रभाव को बनाए रखने के लिए लगातार अधिक मात्रा में नशा लेने लगता है। परिणामस्वरूप उसका शरीर कमजोर होने लगता है, भूख कम हो जाती है, वजन घटता है, आंखें लाल रहने लगती हैं, नींद प्रभावित होती है, चिड़चिड़ापन बढ़ता है और अवसाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कई मामलों में व्यक्ति आत्मघाती प्रवृत्तियों का शिकार भी हो जाता है। इंजेक्शन के माध्यम से नशा करने वालों के सामने खतरा और भी गंभीर होता है। एक ही सुई के बार-बार उपयोग से एचआईवी, हेपेटाइटिस और अन्य संक्रमण फैलने की आशंका बढ़ जाती है। यही कारण है कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बन जाता है। नशे का अवैध व्यापार दुनिया के सबसे लाभकारी अपराधों में शामिल है। अरबों-खरबों रुपये का यह कारोबार अंतर्राष्ट्रीय तस्करी, आतंकवाद, संगठित अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे अपराधों से गहराई से जुड़ा हुआ है। भारत की भौगोलिक स्थिति इसे गोल्डन क्रेसेंट और गोल्डन ट्रायंगल जैसे नशीले पदार्थों के प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों के बीच महत्वपूर्ण मार्ग बनाती है।...

# एआई और इंटरनेट से बढ़ती डिजिटल थकान: कारण और समाधानं




सुनील कुमार

आज का युग तकनीक का युग है और आज के इस तकनीक और डिजिटल युग में हर किसी में डिजिटल फटीग (डिजिटल थकान) तेजी से बढ़ती समस्या बनती जा रही है। दिनभर या यूं कहें कि लगातार स्क्रीन पर काम करना, बार-बार आने वाले नोटिफिकेशन, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग, ऑनलाइन बैठकों और एआई आधारित टूल्स पर बढ़ती निर्भरता के कारण लोगों में मानसिक थकान, एकाग्रता की कमी, आंखों में तनाव और चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है। उत्पादकता बढ़ाने के लिए बनाए गए डिजिटल साधन कई बार मानसिक दबाव का कारण भी बन जाते हैं। इसलिए स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना, नियमित अंतराल पर विश्राम लेना और डिजिटल संतुलन बनाए रखना आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। कहना गलत नहीं होगा कि मोबाइल या लैपटॉप पर बार-बार आने वाले नोटिफिकेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) द्वारा तैयार की जा रही सामग्री, स्क्रीन पर लगातार काम करने की आदत और विभिन्न एआई टूल्स के बढ़ते उपयोग के कारण आज लोगों में मानसिक और डिजिटल थकान तेजी से बढ़ रही है। विडंबना यह है कि जिन तकनीकों और टूल्स को हमारी उत्पादकता बढ़ाने के लिए बनाया गया था, वे ही अब एकाग्रता में कमी, तनाव और बर्नआउट का मुख्य कारण बन रहे हैं। ऑनलाइन लेक्चर, वर्चुअल मीटिंग्स, इंटरनेट पर उपलब्ध असीमित जानकारियों, रील्स और शॉर्ट वीडियोज ने लोगों को इस कदर बांध लिया है कि किताब पढ़ते समय भी ध्यान बार-बार मोबाइल फोन की ओर चला जाता है, जिसका सीधा असर हमारी स्मरण शक्ति और निर्णय लेने की क्षमता पर भी पड़ रहा है। लगातार डिजिटल माध्यमों के संपर्क में रहने और एआई-आधारित टूल्स से मिलने वाले अलर्ट्स, रिमाइंडर्स व परफॉर्मेंस रिपोर्ट्स के कारण आज मानसिक बोझ बढ़ रहा है।

पाठक जानते हैं कि आज शिक्षा से लेकर कार्यस्थल तक एआई कौशल सीखने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, लेकिन जब हम एआई के उत्तरों पर पूरी तरह निर्भर होने लगते हैं, तो गहराई से सोचने, तर्क करने और नए समाधान खोजने की हमारी मौलिक व रचनात्मक क्षमता कमजोर पड़ने लगती है। इंटरनेट मीडिया पर स्क्रॉलिंग की कोई निश्चित सीमा नहीं होती और एआई एल्गोरिदम उपयोगकर्ताओं के व्यवहार व रुचियों के आधार पर लगातार व्यक्तिगत व आकर्षक कंटेंट दिखाते रहते हैं, जिससे लोग कुछ मिनट के लिए प्लेटफॉर्म खोलकर भी वहां घंटों बिता देते हैं। इस इन्फॉर्मेशन ओवरलोड (सूचना की अधिकता) के कारण मानसिक संतुलन प्रभावित होता है और व्यक्ति थकान व भ्रम का शिकार हो जाता है। इस स्थिति से बचने के लिए गैर-जरूरी नोटिफिकेशन बंद करना, स्क्रीन टाइम सीमित रखना, प्रतिदिन सुबह और रात को कुछ समय डिजिटल डिवाइस से दूर रहना तथा हर आधे घंटे में छोटा ब्रेक लेना बेहद आवश्यक है। वास्तव में, आज चिंता का विषय यह नहीं है कि एआई मानव रचनात्मकता का स्थान ले लेगा, बल्कि यह है कि उस पर अत्यधिक निर्भरता हमारी जिज्ञासा और स्वतंत्र सोच को सीमित कर देगी; इसलिए एआई का उपयोग केवल एक सहायक उपकरण के रूप में होना चाहिए।

## रुपया 31 पैसे मजबूत होकर 94.24 प्रति डॉलर पर खुला

**मुंबई, यूटर्न/ 25 जून ।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट से रुपया गुरुवार को शुरूआती कारोबार में 31 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.24 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, डॉलर की कमजोरी और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुझान ने भी रुपये को समर्थन दिया। हालांकि, विदेशी पूंजी की भारी निकासी के कारण रुपये की बढ़त सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.30 पर खुला। फिर मजबूत होकर 94.24 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव की तुलना में 31 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बुधवार को 21 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.55 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.50 पर रहा।

## सीबीडीटी का 27 लाख करोड़ प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने चालू वित्त वर्ष में 26.97 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष कर एकत्रित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है, जिसके लिए उसने कई रणनीतिक उपायों की पहचान की है। 17 जून तक शुद्ध कर संग्रह 5.21 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत अधिक है, जिससे इस लक्ष्य को प्राप्त करने की उम्मीदें प्रबल हुई हैं। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इन उपायों में बकाया कर वसूली के लिए बेहतर प्रबंधन, कर छूट के गलत दावों का पता लगाना और कम कर जमा वाले मामलों में कर विवरणिका को अपडेट करने के कार्यक्रम शामिल हैं। बोर्ड की 2026-27 की केंद्रीय कार्य योजना के तहत, पुराने कर बकाए को आसानी से या मुश्किल से वसूल होने वाले बकाए के तौर पर बांटकर उनकी प्रभावी वसूली पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बैंकों, कंपनी रिकॉर्ड और वित्तीय इंटेलिजेंस इकाइयों की मदद से करदाताओं का पता लगाया जाएगा, और कर अधिकारियों के जरिये राशि प्राप्त की जाएगी। बड़े बकाया मामलों के लिए विशेष दल गठित किए जाएंगे। कर संग्रह की मजबूत शुरूआत से उम्मीद है कि वार्षिक लक्ष्य आसानी से पूरा हो जाएगा। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## सोना 1.40 लाख और चांदी 2.10 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।** देशभर सोने की कीमतों में गिरावट का सिलसिला जारी है। गुरुवार को भी ज्यादातर शहरों में सोना सस्ता हुआ है। 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट वाले सोने की कीमतों में 10 रुपये प्रति 10 ग्राम की मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इससे उन लोगों को राहत मिली है जो शादी-ब्याह या निवेश के लिए सोना खरीदने की योजना बना रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल सोने के दाम पर दबाव बना हुआ है इसके कारण कीमतों में नरमी देखने को मिल रही है। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,44,470 रुपये प्रति 10 ग्राम है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,32,440 रुपये और 18 कैरेट सोना 1,08,390 रुपये प्रति 10 ग्राम बिक रहा है। मुंबई और हैदराबाद में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,44,320 रुपये प्रति 10 ग्राम है। वहीं 22 कैरेट सोना 1,32,290 रुपये और 18 कैरेट सोना 1,08,240 रुपये प्रति 10 ग्राम पर उपलब्ध है। चेन्नई में सोने के दाम अन्य शहरों की तुलना में अधिक हैं जहां 24 कैरेट सोना 1,45,630 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स पर भी सोने-चांदी के भाव में तेज नरमी जारी है। सोना 4,019 डॉलर प्रति औंस पर खुलने के बाद $21.60 की गिरावट के साथ 3,987.20 डॉलर पर कारोबार कर रहा था, जबकि इसका पिछला बंद भाव 4,008.80 डॉलर था। इसी तरह, चांदी 57.59 डॉलर प्रति औंस पर खुली और 1.40 डॉलर की गिरावट के साथ $56.68 पर आ गई, जो इसके 58.08 डॉलर के पिछले बंद भाव से नीचे है।

# नितिन गडकरी ने अधिकारियों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर मानसून की तैयारियों को मजबूत करने के दिए निर्देश

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।**



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं पर मानसून से जुड़ी तैयारियों को पूरी तरह मजबूत किया जाए और खराब मौसम के कारण होने वाली बाधाओं को कम करने के लिए आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जाएं। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के अनुसार, यह निर्देश उन समीक्षा बैठकों के दौरान दिए गए, जिनमें तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता, रखरखाव और प्रगति का आकलन किया गया। इन परियोजनाओं में तेलंगाना के 4,931 किलोमीटर, जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के 2,035 किलोमीटर और लद्दाख के 804 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग शामिल हैं। मंत्रालय के अनुसार, यह समीक्षा मीडिया रिपोर्टों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मिली प्रतिक्रियाओं और अधिकारियों, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), नेशनल हाईवेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) और परियोजना ठेकेदारों से प्राप्त जानकारी के आधार पर की गई। बैठकों के दौरान गडकरी ने चल रही परियोजनाओं, रखरखाव कार्यों और सुरक्षित, टिकाऊ एवं प्रभावी राजमार्ग बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की। गडकरी ने परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने पर जोर देते हुए कहा कि गुणवत्ता और जवाबदेही के उच्चतम मानकों को बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों और कार्यान्वयन एजेंसियों को निगरानी व्यवस्था मजबूत करने, समय पर काम पूरा करने तथा आधुनिक निर्माण तकनीकों और बेहतर कार्य पद्धतियों को अपनाने के निर्देश दिए।

उनका कहना था कि इससे सड़कों की मजबूती, यात्रा सुविधा और राजमार्गों का दीर्घकालिक प्रदर्शन बेहतर होगा।

मानसून के दौरान संभावित चुनौतियों को देखते हुए मंत्री ने अधिकारियों को प्रभावी ड्रेनेज प्रबंधन, ढलानों की स्थिरता (स्लोप स्टेबिलाइजेशन) और सुरक्षा कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने मौसम से जुड़ी आपात स्थितियों से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली (रैपिड रिस्पॉन्स सिस्टम) तैनात करने पर भी जोर दिया।

मंत्री के अनुसार, ये कदम राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क पर निर्बाध यातायात, सड़क सुरक्षा और बुनियादी ढांचे की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी हैं। गडकरी ने कहा कि अच्छी तरह से विकसित और रखरखाव वाली सड़कें क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने, आर्थिक विकास को गति देने, पर्यटन को बढ़ावा देने और यात्रियों की सुविधा सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि समय पर परियोजनाओं का पूरा होना, गुणवत्ता सुनिश्चित करना और आधुनिक इंजीनियरिंग समाधानों को अपनाना सड़क क्षेत्र की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।


## ईपीएफओ की सेवाएं सिस्टम माइग्रेशन के चलते कई दिनों तक नहीं होंगी उपलब्ध

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने गुरुवार को ऐलान किया कि कई ऑनलाइन सर्विसेज जैसे क्लेम दर्ज करना और ई-पासबुक सुविधाएं सिस्टम माइग्रेशन के चलते अगले कुछ दिनों तक उपलब्ध नहीं होंगी। ईपीएफओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सिस्टम माइग्रेशन की योजना के तहत, 26 जून से 29 जून के बीच मेंबर पोर्टल, एम्प्लॉयर पोर्टल और उमंग ऐप पर सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। उन्होंने आगे कहा कि सेवाओं को कुछ समय के लिए बंद करना सिस्टम अपग्रेड की योजना का हिस्सा है, जिसका मकसद पक्षधारकों को तेज, अधिक भरोसेमंद और सुरक्षित सेवाएं देना है। ईपीएफओ ने कहा कि 30 जून से सेवाओं के फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

## वनप्लस नया धमाका करने की तैयारी में

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।**



स्मार्टफोन निर्माता कंपनी वनप्लस भारतीय बाजार में एक नया धमाका करने की तैयारी में है। कंपनी ने इस धमाके का नाम वनप्लस एन6 है। कंपनी ने इस फोन का डिजाइन भी जारी कर दिया है, जिससे इसके लुक और फील का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह स्मार्टफोन उन ग्राहकों के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है जो 20 हजार रुपये से कम कीमत में एक शक्तिशाली वनप्लस फोन की तलाश में हैं।

वनप्लस एन6 की सबसे बड़ी खासियत इसकी 8000 एमएएच की विशाल बैटरी है, जिसे 45 वॉट के सुपवूक फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ पेश किया जाएगा। कंपनी का दावा है कि यह बैटरी एक बार फुल चार्ज होने पर तीन दिनों तक चलेगी और सात साल तक नियमित चार्जिंग के बाद भी अपनी बैटरी हेल्थ का 80 प्रतिशत बनाए रखने में सक्षम होगी। इतना ही नहीं, केवल 5 मिनट की चार्जिंग में यह फोन 1.7 घंटे का यूट्यूब वीडियो प्लेबैक देने का वादा करता है, जो व्यस्त जीवनशैली वाले उपयोगकर्ताओं के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। कंपनी का यह भी कहना है कि फोन पूरे 60 महीने तक स्मूद परफॉर्मेंस देगा। स्पेसिफिकेशन्स की बात करें तो, इसमें 6.72-इंच का एलसीडी पैनल, 144 हर्ट्ज़ रिफ्रेश रेट और 1000 निट्स की पीक ब्राइटनेस मिल सकती है, जो एक बेहतरीन विजुअल अनुभव प्रदान करेगी। यह फोन एंड्रॉइड 16 ऑपरेटिंग सिस्टम पर आधारित होगा और इसमें 8 जीबी एलपीडीडीआर5 रैम के साथ 128 जीबी इंटरनल स्टोरेज मिलने की उम्मीद है।

वनप्लस एन6 भारतीय बाजार में 30 जून, 2026 को लॉन्च होने की पुष्टि हुई है, हालांकि इसके लिए किसी भव्य इवेंट का आयोजन होने की संभावना कम है। 8 जीबी रैम और 128 जीबी इंटरनल स्टोरेज वाले वेरिएंट की कीमत भारत में लगभग 18,000 रुपये होने की बात कही जा रही है। डिजाइन के मोर्चे पर, वनप्लस एन6 में ऊपर की ओर बीच में पंच-होल कैमरे वाला एक फ्लैट डिस्प्ले मिलेगा। फोन के पिछले हिस्से पर टॉप-लेफ्ट कॉर्नर पर चौकोर आकार का कैमरा मॉड्यूल और बीच में वनप्लस की प्रतिष्ठित ब्रांडिंग मौजूद होगी।

## टाटा सिएरा ईवी का टीजर जारी, 30 को होगी लांच

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।**



अपनी बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक एसयूवी, सिएरा ईवी को टाटा मोटर्स इसी महीने 30 जून को लॉन्च करने जा रही है। हाल ही में कंपनी ने इसका टीजर जारी किया है। यह गाड़ी ऑल-व्हील ड्राइव (एडब्ल्यूडी) विकल्प के साथ आएगी। टीजर में सिएरा ईवी को रेतीले रास्तों पर आसानी से चलते हुए दिखाया गया है, और वीडियो के एक फ्रेम में कार पर साफ तौर पर एडब्ल्यूडी बैज नजर आता है।

यह हरियर ईवी के बाद टाटा मोटर्स की दूसरी इलेक्ट्रिक कार होगी जिसमें यह दमदार लेआउट मिलेगा। यह कदम भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है, क्योंकि अभी तक सामान्य बजट वाले इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में ऑल-व्हील ड्राइव का विकल्प नहीं था।


एडब्ल्यूडी सिस्टम खराब रास्तों पर तो मदद करेगा ही, साथ ही कार का पिकअप तेज करेगा, हाईवे पर शानदार परफॉर्मेंस देगा और फिसलन भरी जगहों पर बेहतर पकड़ बनाएगा। उम्मीद है कि टाटा इसमें हरियर ईवी वाला प्लेटफॉर्म ही इस्तेमाल करेगी, जिसमें 65 केडब्ल्यूएच और 75 केडब्ल्यूएच के दो बैटरी पैक मिल सकते हैं।

इसका मतलब है कि सस्ते वैरिएंट्स में सिंगल-मोटर (एफडब्ल्यूडी) और महंगे वैरिएंट्स में बड़ी बैटरी के साथ धांसू ऑल-व्हील ड्राइव सिस्टम दिया जाएगा। सिएरा नाम भारतीयों के साथ कई यादें और भावनाएं जोड़ता है। पुरानी टाटा सिएरा अपने समय की एक प्रतिष्ठित लाइफस्टाइल गाड़ी थी। नई सिएरा ईवी पुराने लुक की तरह ऊंची, रोबीली और रेट्रो डिजाइन वाली होगी।

# एथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल से कारों में काली फंगस, सर्विसिंग खर्च दोगुना, माइलेज घटा

### देश में 85 प्रतिशत एथेनॉल वाले ई-85 फ्यूल लांच

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।**



देश में पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की बढ़ती मात्रा से वाहन मालिकों की चिंताएं बढ़ी हैं। कई शहरों से गाड़ियों के माइलेज घटने, सर्विसिंग का खर्च दोगुना होने और फ्यूल टैंक में काली फंगस व जंग लगने की शिकायतें आई हैं। दिल्ली स्थित कार रिपेयरिंग मार्केट में मैकेनिकों का कहना है कि एथेनॉल युक्त पेट्रोल के कारण वाहनों के फ्यूल सिस्टम और इंजन के महत्वपूर्ण पार्ट्स तेजी से खराब हो रहे हैं।

दिल्ली के निवासी ने 3 साल पहले कार खरीदी थी। एक साल बाद ही उन्हें फ्यूल सिस्टम में दिक्कत महसूस हुई। उनकी कार केवल 10 प्रतिशत एथेनॉल (ई10) वाले पेट्रोल के लिए बनी थी, लेकिन उसमें गलती से 20 प्रतिशत एथेनॉल (ई20) वाला फ्यूल डाल दिया। इससे कार का माइलेज बुरी तरह प्रभावित हुआ और सालाना सर्विसिंग का खर्च 15-20 हजार रुपये से बढ़कर दोगुना हुआ। वहीं कुछ युवा भी सोशल मीडिया पर एथेनॉल फ्यूल से जुड़ी गड़बड़ी के वीडियो देखकर चिंतित हैं और अब केवल पावर पेट्रोल का इस्तेमाल कर रहे हैं।

पालिका मार्केट में 20 साल से कार रिपेयरिंग कर रहे शख्स बताते हैं कि पिछले दो सालों से फ्यूल से जुड़ी दिक्कतें काफी बढ़ी हैं। एथेनॉल में पानी सोखने की क्षमता होने के कारण फ्यूल टैंक में काली काई जमने और फ्यूल पंप व सेंसर में जंग लगने की शिकायतें बढ़ी हैं। उन्होंने बताया कि पिछले एक महीने में मर्सिडीज जैसी प्रीमियम गाड़ियों में भी ऐसी ही 6-7 समस्याएं देखी गई हैं, जिसमें फ्यूल सेंसर, पंप और फिल्टर तीनों प्रभावित हुए हैं।

एक अन्य मैकेनिक कहते हैं कि एथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल के इस्तेमाल के बाद से गाड़ियों के फ्यूल पंप और हाई प्रेशर पंप अक्सर बैठ जाते हैं। नई गाड़ियां भी चलते-चलते अचानक बंद हो रही हैं। इंजन के इंजेक्टर, फ्यूल फिल्टर, पिस्टन और वाल्व जैसे कई पार्ट्स में खराबी आ रही है। मोहसिन यह चिंता भी जाहिर करते हैं कि यदि एथेनॉल की मात्रा और बढ़ाई गई, तब ई20 के लिए बनी नई गाड़ियां भी कैसे चल पाएंगी, जबकि ई10 या उससे कम के लिए बनी पुरानी गाड़ियों में तो दिक्कतें शुरू हो ही चुकी हैं।

दिल्ली के कार डीलर ऑडी, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज जैसी कारों में डील करते हैं। उनके अनुसार, एथेनॉल का सबसे ज्यादा असर गाड़ियों के रबर और प्लास्टिक पार्ट्स पर हुआ है, जो तेजी से गलकर खराब हो रहे हैं। इससे मरम्मत का काम बढ़ा है और माइलेज भी घटा है। ऑटोपार्ट्स की दुकान चलाने वाले बताते हैं कि पहले गाड़ियों का फ्यूल पंप 8-10 साल तक चलता था, लेकिन अब एक साल पुरानी पेट्रोल गाड़ियों में भी यह खराब हो रहा है। डीजल गाड़ियों में ऐसी शिकायतें नहीं आ रही हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# दिल्ली में ससुरालवालों पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए महिला ने की आत्महत्या

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।**

दिल्ली के नांगलोई इलाके में स्थित ससुराल में एक 24 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने दो वीडियो रिकॉर्ड किए, जिनमें वह अपने पति और ससुरालवालों पर लगातार उत्पीड़न का आरोप लगाती नजर आ रही है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घटना की सूचना सोमवार सुबह 11:09 बजे नांगलोई पुलिस स्टेशन को मिली। सूचना में बताया गया कि नांगलोई एक्सटेंशन की रहने वाली 26 वर्षीय महिला को संजय गांधी मेमोरियल (एसजीएम) अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे अस्पताल पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया।



प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि महिला ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। चूंकि मृत्यु विवाह के सात साल के भीतर हुई थी, इसलिए इस मामले को संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को कानूनी प्रावधानों के अनुसार जांच कार्यवाही के लिए सूचित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि मुंडका के तहसीलदार ने मृतक की मां का बयान दर्ज किया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी का पति रोहित शराब के नशे में अक्सर उस पर हमला करता था। परिवार का दावा है कि महिला लंबे समय से वैवाहिक जीवन में कठिनाइयों का सामना कर रही थी।

जांचकताओं ने रोहित की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में भी जानकारी जुटाई। अधिकारियों के अनुसार, कुछ महीने पहले एक दुर्घटना में लगी सिर की गंभीर चोट के लिए उसका इलाज चल रहा है। पूछताछ के दौरान साझा की गई चिकित्सा रिपोर्ट से पता चलता है कि उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज कर रहे डॉक्टरों के अनुसार, 'युवक के 2-3 साल से अधिक जीवित रहने की संभावना नहीं है।'

जांच आगे बढ़ने पर मृतक महिला के परिवार के सदस्यों ने दो वीडियो सौंपे, जो कथित तौर पर उसकी मृत्यु से कुछ समय पहले उसके द्वारा रिकॉर्ड किए गए थे। पुलिस ने कहा कि इन रिकॉर्डिंग की जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, वीडियो 'लगातार पति द्वारा उत्पीड़न के कारण तीव्र मनोवैज्ञानिक पीड़ा और जान के खतरे' को दशार्ते हैं।जांचकर्ता महिला की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए रिकॉर्डिंग की सामग्री के साथ-साथ अन्य उपलब्ध साक्ष्यों का भी आकलन कर रहे हैं। मंगलवार को कानूनी प्रक्रिया के तहत मृतक का पोस्टमार्टम किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### लैंड क्राफ्ट सोसाइटी के घर में लगी आग

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 25 जून ।** कविनगर थाना क्षेत्र स्थित लैंड क्राफ्ट सोसाइटी स्थित एक घर के एसी में आग लगने से अफरा-तरफरी मच गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने तीन फायर टेंडर की मदद से आग पर काबू पाया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि बुधवार करीब पौने दो बजे लैंड क्राफ्ट सोसाइटी के ब्लॉक जेड स्थित विला नंबर 93 में आग लगने की सूचना मिली। आग में कुछ लोग भी फंसे हुए हैं। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंचे। यह मकान राजेश अग्रवाल का है। हालांकि मकान में कोई व्यक्ति फंसा नहीं मिला। आग एक कमरे के एसी इंडोर से लगी थी। आग लगने के दौरान घर में तीन-चार लोग थे, लेकिन आग लगने के बाद बाहर निकल गए थे। सीएफओ ने बताया कि एसी इंडोर में आग लगी थी। यह प्लास्टिक का था इस कारण पूरे घर में काला व जहरीला धुआं फैल गया था। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### हादसे में घायल युवक की मौत, केस दर्ज

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 25 जून ।** नगर कोतवाली क्षेत्र में हिंडन नदी पुल के पास स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा 17 जून को हुआ। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान एक युवक की 21 जून को मौत हो गई। मामले में इंदिरापुरम के कनावनी निवासी विक्की शर्मा ने नगर कोतवाली में केस दर्ज कराया है। एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि विक्की शर्मा ने बताया कि 17 जून की रात करीब आठ बजे उनका भाई आलोक नाथ शर्मा कंपनी से कार्य करने के बाद मामा के बेटे अंशुक के साथ बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही दोनों हिंडन नदी पुल के पास पहुंचे तो उनकी बाइक में तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर लग गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को नरेंद्र मोहन अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# चार दिन भटकने के बाद महिला का हुआ इलाज



» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 25 जून ।**

संयुक्त जिला अस्पताल में एक महिला अत्यधिक रक्तस्राव की परेशानी लेकर आई थी। महिला और उसके पति का आरोप है कि अस्पताल के स्त्रीरोग विभाग में चेकअप तक नहीं किया गया और वहां से भगा दिया गया। परेशान होकर वह इमरजेंसी में पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार किया गया।

बुधवार को दोबारा इमरजेंसी में पहुंचने पर विभाग के चिकित्सकों ने स्त्री रोग विभाग में भेजा उसके बाद उपचार हुआ। संजयनगर निवासी भोलाराम ने बताया कि उनकी 45 वर्षीय पत्नी कौशल्या को पिछले 10 दिनों से अत्यधिक रक्तस्राव की समस्या हो रही है। हालत अधिक गंभीर होने पर शनिवार को स्त्रीरोग विभाग की ओपीडी में पहुंचे थे। ओपीडी में बैठी चिकित्सक ने बिना चेकअप किए उनको बोला कि पहले खून का टेस्ट कराकर आओ।

जब वह लैब पहुंचे तो डेढ़ बजने के कारण खून की जांच नहीं हो सकी। महिला की हालत अधिक खराब होने पर वह दोबारा ओपीडी में गए कि उनका चेकअप कर लिया जाए लेकिन वहां से उनको भगा दिया गया। उसके बाद वह इमरजेंसी में पहुंचे जहां उनका प्राथमिक उपचार किया और महिला घर चली गई।

बुधवार को भी अत्यधिक कमजोरी होने और रक्तस्राव न रुकने की समस्या को लेकर वह इमरजेंसी पहुंचे वहां से उनको ओपीडी भेज दिया गया जहां फिर से टेस्ट की रिपोर्ट और अन्य जांच दिखाने की बात कही गई। बाद में अन्य लोगों के दबाव के बाद महिला का इलाज शुरू किया गया। सीएमएस डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि इस मामले की जांच की जाएगी।

# वीडियो मामले में सीएम पद से तुरंत इस्तीफा दें भगवंत मान : राघव चड्ढा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।**

राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगंवत मान से जुड़े उस कथित फर्जी वीडियो को लेकर हमला बोला, जिसमें वो गुरु का अपमान करते हुए नजर आ रहे हैं।

राघव चड्ढा ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आम आदमी पार्टी और भगवंत मान ने अपने इस कारनामे को छुपाने के लिए फर्जी फॉरेंसिक रिपोर्ट तैयार की है। अब ऐसी स्थिति में भगवंत मान को मुख्यमंत्री के पद पर रहने का कोई नैतिक अधिकार है। उन्हें फौरन इस पद से इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही, उनके खिलाफ नए बेअदबी कानून के तहत पहली प्राथमिकी भी दर्ज होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के मन में इस बात को लेकर शंका थी कि यह वीडियो फर्जी है या नहीं, अब इन लोगों के मन से भी यह शंका दूर हो चुकी है क्योंकि भगवंत मान और आम आदमी पार्टी को सच्चाई छुपाने के लिए एक फर्जी फॉरेंसिक रिपोर्ट बनवानी पड़ गई। अगर वीडियो असली नहीं होता, तो उन्हें फर्जी रिपोर्ट बनाने की जरूरत नहीं पड़ती। दुर्भाग्य की बात यह है कि आम आदमी पार्टी ने अकाल तख्त के खिलाफ कई तरह की बातें कीं। यहां तक उनके पीछे पेड ट्रोल भी लगाए गए। सोशल मीडिया पर उन्हें लेकर अभद्र टिप्पणी की गई। पूरी सिख संगत आज गुस्से में है। आज आम आदमी पार्टी के सिख नेताओं से जनता यह सवाल करती है कि क्या वो गुरु साहिब के लिए समर्पित हैं? क्या वो सिख पंत के साथ हैं? क्या वो श्री अकाल तख्त साहिब को मानते हैं? या फिर सिख विरोधी भगवंत मान के साथ हैं? अब आप किनके साथ हैं? यह आपको चुनना है?



राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि किस तरह से इस फर्जी वीडियो को तैयार किया गया? इसमें कौन से लोग शामिल थे? कौन से सरकारी और निजी पैसों का इस्तेमाल करके इस रिपोर्ट को बनाया गया। क्या इसमें मनी लॉन्ड्रिंग या रिश्वत के पैसे का भी इस्तेमाल किया गया? यह सब कुछ अब जांच के दायरे में आता है। उन्होंने कहा कि आज पूरी सिख संगत मुख्य रूप से दो चीजों की मांग कर रही है। पहली मांग यह है कि भगवंत मान को तुरंत सीएम पद से इस्तीफा देना होगा। दूसरी मांग यह है कि नया बेअदबी कानून के तहत पहली प्राथमिकी भी इनके खिलाफ दर्ज होनी चाहिए।

### सौतेले पिता ने पहले नाक-मुंह दबाया, सांस चलती देख काट दिया गला

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 25 जून ।** शिव दुर्गा विहार में तीन वर्षीय आदित्य की हत्या के मामले में जांच के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी सौतेले पिता सुशांत ने 20 जून को ही बच्चे की हत्या करने का मन बना लिया था। वारदात से एक रात पहले तक वह परिवार के साथ सामान्य व्यवहार करता रहा और आधी रात के बाद करीब दो बजे तक लूडो खेलने व अंताक्षरी खेलते रहा। परिवार के किसी सदस्य को उसकी खौफनाक मंशा की भनक तक नहीं लगी। सहायक पुलिस आयुक्त अपराध-2 वरुण कुमार दहिया ने बताया कि सुशांत दिल्ली में मोबाइल रिपेयरिंग का काम सीख रहा था। वह अपनी पत्नी सुधा के साथ दो-तीन दिन पहले शिव दुर्गा विहार आया था। जांच में पता चला है कि बच्चे को लेकर पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। सुशांत नहीं चाहता था कि सुधा अपने पहले पति से हुए बेटे आदित्य से मिलने बार-बार मायके जाए। जांच में सामने आया कि 21 जून की सुबह करीब आठ बजे सुशांत ने सो रहे मासूम की नाक और मुंह दबाकर उसकी हत्या करने की कोशिश की। कुछ देर बाद जब उसे लगा कि बच्चे की सांस अभी चल रही है, तो वह रसोई से चाकू उठा लाया और आदित्य का गला रेत दिया।

# अवैध फैक्टरी और कबाड़ गोदाम में धधकी आग, पांच लोग झुलसे मकान भी आया चपेट में

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 25 जून ।**

टीएचए में बुधवार अलग-अलग तीन स्थानों पर आग लगी और इसमें पांच महिलाओं समेत 17 लोग फंस गए। कबाड़ गोदाम में पांच महिलाएं मामूली रूप से झुलस गई। हालांकि फैक्टरी के 12 कर्मचारी समय रहते हुए बाहर निकाल लिए गए। दोपहर करीब 1:22 बजे गरिमा गार्डन गली नंबर-4 में अगरबत्ती फैक्टरी में शॉर्ट-सर्किट से आग लगी। इस हादसे में फैक्टरी जलकर राख हो गई और उसकी चपेट में आया पड़ोसी का मकान भी जलकर क्षतिग्रस्त हो गया।

आसपास के लोग भी मकान खाली करके भाग खड़े हुए। इससे पहले दोपहर से 12 बजे टीलामोड़ के सिकंदरपुर स्थित अवैध कबाड़ गोदाम में आग लग गई। चंद मिनट में विकराल हुई आग की लपटों में पांच महिलाएं फंस गई और जब उनको बाहर निकाला तब तक मामूली रूप से झुलस गईं। इसके अलावा इंदिरापुरम के ज्ञानखंड एक स्थित प्लॉट संख्या 333 पर बहुमंजिला इमारत की छत पर रखे एसी आउटबॉक्स में अचानक आग लग गई। हालांकि दमकल कर्मियों ने समय पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। उधर, दमकल विभाग की ओर से दोनों जगहों की रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेज दी है।

गरिमा गार्डन के अशोक वाटिका स्थित प्लॉट नंबर 66 पर संचालित अगरबत्ती फैक्टरी करीब एक माह पहले ही शिफ्ट हुई थी। बुधवार को



हादसे के समय फैक्टरी मालिक तनवीर भी वहां मौजूद थे। घटना के समय फैक्टरी में 12 कर्मचारी काम कर रहे थे। समय रहते सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। फैक्टरी में फर्नीचर, अगरबत्ती के पैकिंग मटेरियल और सैनिटाइजर समेत अन्य ज्वलनशील पदार्थ की वजह से आग तेजी से फैली थी। धुआं निकलता देख गली नंबर चार और उसके आसपास के इलाके में हड़कंप मंच गया। सूचना पर दमकल की टीम तीन वाटर टेंडर के साथ पहुंचीं। दिक्कत उस समय हुई जब गली में वाटर टेंडर अंदर तक पहुंच ही नहीं पाया। गली का संकरा होना और उसके कोने पर लगे बिजली पोल की वजह से दमकल वाहन घूम ही नहीं पाया। इसके बाद करीब 300 मीटर तक हौज पाइप बिछाकर दमकल की टीमों ने आग पर काबू पाया। इसकी चपेट में पड़ोसी मोहम्मद राशिद का मकान भी आ गया। पीड़ित राशिद ने बताया कि लपटों ने घर को भी चपेट में ले लिया और रसोई में रखा सामान और पानी की टंकी जलकर राख हो गई। हालांकि गनीमत रही कि रसोई गैस सिलेंडर बाहर रखा था और उसे आग लगने के दौरान किसी तरह वहां से हटा दिया था।

आग की चपेट में उनके मकान की दीवार में दरार तक आ गई हैं।अगर समय रहते दमकलकर्मी आग नहीं बुझाते तो उनका पूरा घर जल जाता। अगरबत्ती फैक्टरी रिहाइशी इलाके में संचालित हो रही थी। वह भी गली के काफी अंदर की तरफ थी। अशोक वाटिका स्थित गली नंबर चार में करीब 200 गज का खाली प्लॉट है।

प्लॉट मालिक ने एक हिस्से में प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्यालय खोला है। वहीं, एक हिस्से में फैक्टरी का संचालन करने के लिए किराये पर जगह दी है। आग लगने के समय अचानक अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तुरंत अपने परिवारों के साथ घरों से महिलाओं, बच्चों व बुर्जुगों को लेकर भाग निकलें। इस दौरान उन्होंने घर से कीमती सामान भी अपने साथ ले लिया था।

## कबाड़ गोदाम की आग बुझाने के दौरान झुलसी पांच महिलाएं

टीलामोड़ थानाक्षेत्र स्थित सिकंदरपुर के कबाड़ गोदाम में ठेकेदार की ओर से कुछ महिलाएं कबाड़ बीनकर उसे अलग-अलग करने का काम करती हैं। आग लगी तो महिलाओं ने मालिक को सूचना दी। वहीं, काम करने वाली महिलाएं आग बुझाने में जुट गईं। आग की लपटें तेजी से उठीं तो महिलाओं को भी अपनी चपेट में ले लिया। इससे नसरीन, शाइना, नशीमा रुखसाना और इंदुभूषण आदि महिला कर्मी मामूली झुलस गईं। उधर, लपटें और धुआं दूर से दिखाई दिया तो लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू किया और करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। साथ ही झुलसीं महिलाओं को दमकल की टीम ने अस्पताल पहुंचाया। आग लगने का कारण बीड़ी थी। कबाड़ गोदाम संचालक संतोष गुप्ता ने बताया कि बुधवार को वह गुरुग्राम में कबाड़ खरीदने गए थे। कर्मचारियों ने फोन से उन्हें आग की सूचना दी। कर्मचारियों ने बताया कि एक बुजुर्ग महिलाकर्मी ने बीड़ी पीने के बाद उसे गोदाम में ही फेंक दिया था। उसी कारण आग लगी थी।

एलनाज नौरोजी के प्रोफेशनल करियर की बात करें तो अभिनेत्री को नेटफ्लिक्स की मशहूर और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित सीरीज सेक्रेड गेम्स में जोया मिर्जा का दमदार किरदार निभाकर काफी पहचान मिली। बता दें कि एलनाज जल्द ही जुबिन नौटियाल के साथ अपने हिंदी सिंगिंग डेब्यू हुआ के जरिए संगीत की दुनिया में एक रोमांचक नया सफर शुरू करने जा रही हैं।





# योग और संगीत ने जिंदगी में लाए गहरे बदलाव : एलनाज नौरोजी

बॉलीवुड अभिनेत्री एलनाज नौरोजी का कहना है कि योग और संगीत ने उनकी व्यक्तिगत और व्यावसायिक जिंदगी में एक गहरा और परिवर्तनकारी बदलाव लाने वाली भूमिका निभाई है। एलनाज ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, योग और म्यूजिक, दोनों से मुझे हमेशा एक जैसा सुकून मिला है। दोनों के लिए जरूरी है कि आप थोड़ा ठहरें, वर्तमान में रहें और अपने अंदर की गहराई से जुड़ें। वह इस बात पर जोर देती हैं कि दोनों ही गतिविधियां व्यक्ति को बाहरी दुनिया के शोर से दूर होकर अपने भीतर झाँकने और आत्म-जागरूकता बढ़ाने का अवसर देती हैं।

एक कलाकार के तौर पर अपनी व्यस्त जिंदगी का जिक्र करते हुए उन्होंने आगे कहा, एक आर्टिस्ट के तौर पर, मेरी जिंदगी अक्सर यात्रा, परफॉर्मेंस और लगातार भागदौड़ से भरी रहती है, इसलिए योग मुझे इस व्यस्तता के बीच संतुलन बनाने में मदद करता है, जबकि म्यूजिक मुझे उन भावनाओं को जाहिर करने में मदद करता है, जिन्हें कभी-कभी शब्दों में नहीं कहा जा सकता। यह दर्शाता है कि कैसे योग उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से स्थिर रखता है, और संगीत उनकी भावनाओं को व्यक्त करने का एक शक्तिशाली माध्यम बनता है।

*एलनाज ने इस साल को अपने लिए बेहद खास बताया। उन्होंने कहा, यह साल मेरे लिए बहुत खास है क्योंकि मैं इंटरनेशनल योग डे मना रही हूं और साथ ही जुबिन नौटियाल के साथ अपने हिंदी सिंगिंग डेब्यू हुआ के जरिए म्यूजिक की दुनिया में एक रोमांचक नया सफर भी शुरू कर रही हूं।*

एलनाज ने इस साल को अपने लिए बेहद खास बताया। उन्होंने कहा, यह साल मेरे लिए बहुत खास है क्योंकि मैं इंटरनेशनल योग डे मना रही हूं और साथ ही जुबिन नौटियाल के साथ अपने हिंदी सिंगिंग डेब्यू हुआ के जरिए म्यूजिक की दुनिया में एक रोमांचक नया सफर भी शुरू कर रही हूं। यह दोहरा जश्न उनके लिए व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों स्तरों पर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि योग की तरह ही, म्यूजिक में भी लोगों को ठीक करने, उनका हौसला बढ़ाने और उन्हें एक साथ लाने की अद्भुत ताकत है। वह इस बात पर गर्व महसूस करती हैं कि उन्हें इस साल दिल्ली में इंटरनेशनल योग डे के खास सेलिब्रेशन का हिस्सा बनने का अवसर मिला है।

अंत में, उन्होंने एक सार्वभौमिक संदेश देते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि हर किसी को कोई न कोई ऐसी चीज मिलेगी, चाहे वह योग हो, म्यूजिक हो या कुछ और, जिससे उन्हें खुशी, ठहराव और अंदरूनी शांति मिले।

यह उनकी इच्छा को दर्शाता है कि हर कोई अपने जीवन में संतुलन और आत्म-संतुष्टि का मार्ग खोज सके। एलनाज नौरोजी के प्रोफेशनल करियर की बात करें तो अभिनेत्री को नेटफ्लिक्स की मशहूर और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित सीरीज सेक्रेड गेम्स में जोया मिर्जा का दमदार किरदार निभाकर काफी पहचान मिली।

बता दें कि एलनाज जल्द ही जुबिन नौटियाल के साथ अपने हिंदी सिंगिंग डेब्यू हुआ के जरिए संगीत की दुनिया में एक रोमांचक नया सफर शुरू करने जा रही हैं। यह उनके जीवन में दो महत्वपूर्ण पहलुओं शारीरिक और मानसिक कल्याण, तथा कलात्मक अभिव्यक्ति के संगम को दर्शाता है।



## रणवीर सिंह बने भारत के सबसे महंगे एक्टर

अभिनेता रणवीर सिंह ने हाल ही में भारतीय सिनेमा में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जहां उन्होंने एक ही प्रोजेक्ट से रिकॉर्ड तोड़ 325 करोड़ रुपये की कमाई की है। इस भारी-भरकम राशि के साथ, रणवीर अब भारत के सबसे महंगे अभिनेता बन गए हैं, जिन्होंने कमाई के मामले में सभी पुराने रिकॉर्ड्स को पीछे छोड़ दिया है। उनकी इस उपलब्धि ने फिल्म जगत में एक नई बहस छेड़ दी है, क्योंकि यह राशि किसी भी भारतीय कलाकार द्वारा एक प्रोजेक्ट के लिए हासिल की गई सबसे बड़ी रकमों में से एक है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर को यह बड़ी रकम उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर से मिली है, जिसे दो भागों में रिलीज किया गया था। इस फिल्म ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर लगभग 3200 करोड़ रुपये का शानदार कारोबार किया, जबकि अकेले भारतीय बाजार से इसने 1900 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए। रणवीर ने इस फिल्म के लिए पारंपरिक फीस मॉडल की बजाय प्रॉफिट शेयरिंग का रास्ता चुना था, जिसमें उन्होंने फिल्म की कमाई में हिस्सेदारी ली।

## फोटो स्टोरी




कनाडा के वेंकवूर शहर में फीफा विश्वकप मैच में स्वीटजरलैड के गोलकीपर ग्रीगोर कोबोल गोल बचाने का प्रयास करते हुए।

## भारतीय मूल के जय मूंदड़ा आयरलैंड टी20 टीम में शामिल

**जयपुर, यूटर्न/ 25 जून।** भारतीय मूल के जय मूंदड़ा को आयरलैंड ने अपनी टी20 क्रिकेट टीम में शामिल किया है। जय राजस्थान के टोंक जिले से संबंध रखते हैं। अब जय भारत के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज में खेलते दिखेंगे। जय को सीनियर क्रिकेट टीम में पहली बार शामिल किया गया है। यह उनके लिए न सिर्फ एक बड़ा सम्मान है, बल्कि आयरलैंड के लिए खेलने वाले वह भारतीय मूल के दूसरे क्रिकेटर बन जाएंगे। इससे पहले पंजाब में जन्मे सिमी सिंह ने आयरलैंड की ओर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेला था। किया था, और अब जय मूंदड़ा इसी विशिष्ट सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। जय ने अपने क्रिकेट करियर की शुरूआत राजस्थान के घरेलू मैदानों में एक तेज गेंदबाज के रूप में की थी। हालांकि, समय के साथ उन्होंने अपनी खेल शैली में महत्वपूर्ण बदलाव किए। उन्होंने खुद को एक कुशल बल्लेबाजी ऑलराउंडर के रूप में विकसित किया, जिसकी पहचान न केवल उनकी प्रभावशाली बल्लेबाजी है बल्कि उनकी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी भी है, जो टीम के लिए एक महत्वपूर्ण हथियार बन गई। उनकी यही बहुमुखी प्रतिभा और खेल के तीनों आयामों में योगदान देने की क्षमता उन्हें आयरलैंड की राष्ट्रीय टीम तक ले आई है भारत जैसी एक मजबूत और अनुभवी टीम के खिलाफ टी20 सीरीज में जय मूंदड़ा के पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने का एक सुनहरा अवसर होगा।



## क्रिकेट किट खरीदने के लिए मां ने अपने गहने तक बेचे थे : क्रांति गौड़




**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव से निकलकर राष्ट्रीय टीम तक पहुंची हैं। क्रांति का कहना है कि उसके यहां तक पहुंचने में माता-पिता और परिवार ने काफी संघर्ष और त्याग किया था। इसी कारण अब वह उनके लिए खिताब जीतकर गर्व का अनुभव कराना चाहती हैं। क्रांति के अनुसार उसकी क्रिकेट किट खरीदने के लिए उनकी मां ने अपने गहने तक बेच दिए थे। यह उनके परिवार द्वारा किया एक बड़ा त्याग था, जिसने क्रांति को एक गहरी जिम्मेदारी का एहसास कराया। उन्होंने कहा, 'परिवार मेरे लिए इतना कर रहा था, तो मुझे जिम्मेदारी महसूस हुई। मैं उन्हें कुछ लौटाना चाहती थी। मैं उनके बलिदान को मायने देना चाहती थी।' क्रांति अपने परिवार की हमेशा आभारी रहेंगी, जिन्होंने उन्हें अपनी पसंद का करियर चुनने और अपने सपनों को पूरा करने की आजादी दी। उस दौर को याद करते हुए क्रांति बताती हैं, 'उस समय कई लड़कियों को घर से बाहर निकलने की भी अनुमति नहीं थी, लेकिन मेरे माता-पिता अलग थे। उन्होंने कभी मुझे यह महसूस नहीं कराया कि मैं कुछ गलत कर रही हूं। उन्होंने मेरे सपने पर भरोसा किया।' पैसों की तंगी के बावजूद, उनके माता-पिता ने हर कदम पर उनका साथ दिया। क्रांति मानती हैं कि जब परिवार का साथ हो, तो बाहरी दुनिया की नकारात्मक बातों का कोई मतलब नहीं रह जाता। उनके परिवार के इस अटूट विश्वास और समर्थन ने उन्हें अपने लक्ष्यों को पाने की ताकत दी। क्रांति की सफलता ने सिर्फ उनके जीवन को ही नहीं, बल्कि उनके पैतृक गांव घुवारा में भी एक क्रांति ला दी है। उन्होंने गर्व से बताया कि भारत के लिए उनके सफल प्रदर्शनों की वजह से गांव में एक क्रिकेट अकादमी खुल गई है। अब वहां कई लड़कियां क्रिकेट खेलने आ रही हैं और उनके माता-पिता भी उन्हें इस खेल में करियर बनाने की इजाजत दे रहे हैं। क्रांति इन युवा खिलाड़ियों से नियमित रूप से मिलती हैं और उन्हें प्रेरित करती हैं। उनका मानना है कि वर्ल्ड कप जीत ने इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## बचपन में कुब्रा सैत को कहा जाता था ड्रामेबाज और बेपरवाह

अपने बचपन के अनुभव साझा करते हुए बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत ने खुद खुलासा किया कि बचपन में उन्हें अक्सर ड्रामेबाज और बेपरवाह कहा जाता था, क्योंकि उनका मन अक्सर कल्पनाओं की एक अलग और जीवंत दुनिया में खोया रहता था। एक वीडियो में कुब्रा बेहद स्पष्टता से कहती हैं, बचपन में मुझे तीन बातें बार-बार सुनने को मिलती थीं, कुब्रा, तुम बहुत ड्रामेबाज हो, तुम्हारा ध्यान कहीं और रहता है, जरा ध्यान दो। जब बाकी बच्चे मैथ्स की क्लास में मुश्किल सवाल हल करने में जुटे होते थे, तब मेरा दिमाग अपने ही अंदाज में मर्डर मिस्ट्री की कहानी बुन रहा होता था, या मैं फिल्मफेयर अवॉर्ड जीतने पर अपनी काल्पनिक स्पीच की रिहर्सल कर रही होती थी। कभी-कभी मैं अपने भविष्य के पति और मां के बीच होने वाली बहस की कल्पना में डूब जाती थी, और लंच ब्रेक से पहले ही मैं अपने दिमाग में तीन आवारा बिल्लियों को बचा चुकी होती थी। यह बयान उनके बचपन की तीव्र कल्पनाशीलता और आंतरिक दुनिया को दर्शाता है, जो एडीएचडी का एक सामान्य लक्षण है।

# इबोला वायरस के बढ़ते मामलों के बीच भारत ने शुरू किया एयर सुविधा पोर्टल

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।

इबोला वायरस का प्रकोप मध्य और पूर्वी अफ्रीका तक सीमित है। हालांकि, फ्रांस भी अलर्ट मोड पर आ चुका है। इबोला से प्रभावित देशों से आने वाले यात्रियों को लेकर भारत अलर्ट हो गया। इबोला से प्रभावित देशों से आने वाले या वहां से गुजरने वाले यात्रियों के लिए एयर सुविधा पोर्टल एक्टिव है।

यात्री उतरने से पहले जरूरी सेल्फ-डिक्लेरेशन फॉर्म (एसडीएफ) आसानी से ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इससे पहले पेपर-बेस्ड प्रक्रिया फॉलो की जा रही थी।

सूत्रों के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा इबोला को अंतरराष्ट्रीय चिंता वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थिति



(पीएचईआईसी) घोषित किए जाने के बाद से यह व्यवस्था लागू है। इसके तहत प्रवेश बिंदुओं (एयरपोर्ट, बंदरगाह आदि) पर स्वास्थ्य निगरानी को मजबूत करने के साथ-साथ यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने के उपाय भी किए गए हैं।

## डीआर कांगो में इबोला के 1,118 मामले आए सामने, 291 मौतों की पुष्टि

कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में इबोला के 1,118 मामले सामने आए हैं, जिनमें 291 मौतें शामिल हैं। डीआरसी सरकार ने यह जानकारी दी है। दक्षिण कैरोलिना गणराज्य के संचार एवं मीडिया मंत्रालय द्वारा बुधवार (स्थानीय समय) को जारी अपडेट के अनुसार, 122 लोग ठीक हो चुके हैं, जबकि 408 मरीजों का इलाज चल रहा है। मंगलवार तक मृत्यु दर 26 प्रतिशत थी। इबोला महामारी की निगरानी का काम जारी है, जिससे 138 संदिग्ध मामलों की पहचान हुई है, जबकि संपर्क में आने वाले लोगों की 77.1 प्रतिशत रही। पूर्वी इटुरी प्रांत अभी भी इस प्रकोप का केंद्र बना हुआ है, जबकि दक्षिण किवू प्रांत में 26 मई के बाद से संक्रमण का कोई नया मामला सामने नहीं आया है, वहीं प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी, मरीजों की देखभाल और संपर्क ट्रेसिंग के प्रयास जारी हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस ने बुधवार को कहा कि प्रभावित क्षेत्र में बढ़ते मामलों के बावजूद अफ्रीका में चल रहे इबोला प्रकोप से उत्पन्न वैश्विक जोखिम कम है।

## फटाफट खबरें

### सिंगापुर में फंसे सैकड़ों भारतीय कामगार, वेतन भी नहीं मिला

**सिंगापुर, यूटर्न/ 25 जून ।** सैकड़ों भारतीय कामगार महीनों से वेतन न मिलने और आवास की समस्या से जूझ रहे हैं, जिसके बाद भारतीय हाई कमीशन ने इस मामले पर संज्ञान लिया है। बुधवार शाम को हाई कमीशन ने बताया कि वे सिंगापुर की उन तीन कंपनियों के कर्मचारियों के संपर्क में हैं, जिन्हें लंबे समय से सैलरी नहीं मिली है। इन प्रभावित श्रमिकों की मदद के लिए वे नेशनल ट्रेड्स यूनियन कांग्रेस और मिनिस्ट्री ऑफ मैनपावर के साथ भी लगातार समन्वय स्थापित कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, एसके इंडस्ट्रीज, केपीए इंजीनियरिंग और वीवीआर प्लांट इंजीनियरिंग नामक इन तीन कंपनियों ने भारत और बांग्लादेश के 400 से अधिक कर्मचारियों को बिना वेतन और उचित रहने की जगह के छोड़ दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इन तीनों कंपनियों के एक कॉमन डायरेक्टर, रामू पलानी वेलु के रूप में एक भारतीय नागरिक की पहचान की गई है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य से ईरान नहीं वसूलेगा कोई टोल

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 25 जून ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को तेल बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है, जिसमें उन्होंने कहा कि ईरान ने अमेरिका को स्पष्ट आश्वासन दिया है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज (होर्मुज जलडमरूमध्य) से गुजरने वाले सभी जहाजों पर कोई टोल, बीमा शुल्क या अन्य अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए बताया कि ईरान ने अमेरिका को सूचित किया है कि यह आश्वासन जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए दिया गया है। यह घोषणा मध्य पूर्व में हालिया तनाव के बाद स्थायी शांति स्थापित करने के उद्देश्य से चल रही वार्ताओं के बीच आई है। ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था फिलहाल लागू है, लेकिन 60 दिनों की सीजफायर या बातचीत की अवधि समाप्त होने के बाद इसका क्या होगा, इस पर उन्होंने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है।

### मशहूर हॉलीवुड एक्टर जियानकार्लो ने अपनाया इस्लाम

**लॉस एंजेलस, यूटर्न/ 25 जून ।** अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाने वाले इस एक्टर ने आधिकारिक तौर पर इस्लाम धर्म अपना लिया है। जियानकार्लो एस्पोसिटो ने सऊदी अरब में अपनी आने वाली फिल्म '7 डॉग्स' की शूटिंग के दौरान फिल्म के कास्ट और क्रू मेंबर्स के साथ मिलकर शहादा यानी इस्लाम कबूल करने का कलमा पढ़ा। इस खबर की पुष्टि सऊदी अरब के जनरल एंटरटेनमेंट अथॉरिटी के चेयरमैन तुर्की अल-शेख ने की है, जिन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर पूरी दुनिया को इसकी जानकारी दी। इस वीडियो में जियानकार्लो को 4-5 लोगों के साथ मस्जिद में नमाज अदा करते हुए देखा जा सकता है, जो उनके धर्म परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है। तुर्की अल-शेख ने अपने कैप्शन में बताया कि मशहूर एक्टर ने सऊदी अरब में अपनी फिल्म '7 डॉग्स' पर काम करने के दौरान वहां के मुसलमानों के साथ हुए अच्छे अनुभवों और बातचीत से प्रभावित होकर यह अहम कदम उठाया और इस्लाम को स्वीकार कर लिया।

## रूसी विपक्षी नेता क्रुग्लोव को झूठ फैलाने के आरोप में 7 साल की जेल

**मॉस्को, यूटर्न/ 25 जून ।** रूस में प्रमुख विपक्षी पार्टी याब्लोको के उप नेता और यूक्रेन युद्ध के मुखर विरोधी



मैक्सिम क्रुग्लोव को बुधवार को रूसी सेना के बारे में झूठ फैलाने के आरोप में दोषी ठहराया गया और सात साल की जेल की सजा सुनाई गई। यह फैसला रूस में सार्वजनिक असहमति पर बढ़ती कार्रवाई को दर्शाता है, जहां युद्ध की आलोचना करने वाले स्वरों को लगातार दबाया जा रहा है। 39 वर्षीय क्रुग्लोव, जो मॉस्को की नगर विधानसभा के पूर्व सदस्य रह चुके हैं, को अक्टूबर 2025 में गिरफ्तार किया गया था। उन पर 2022 में दो पोस्ट करने का आरोप था, जिस वर्ष रूस ने यूक्रेन पर सैन्य अभियान शुरू किया था। अदालत में सुनवाई के दौरान, क्रुग्लोव ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि यह फैसला स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि रूस में सार्वजनिक असहमति अब अवैध हो गई है, और संक्षेप में, यह असहमति पर एक प्रतिबंध है। उन्होंने अभियोजन पक्ष के इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया कि उनके पोस्ट राजनीतिक नफरत से प्रेरित थे। क्रुग्लोव ने जोर देकर कहा कि उनका पूरा राजनीतिक करियर रूस में लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए समर्पित रहा है।

# कनाडाई उच्चायुक्त की भारत के वाणिज्य सचिव से मुलाकात

## द्विपक्षीय व्यापारिक साझेदारी मजबूत करने पर चर्चा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 जून ।

कनाडा के उच्चायुक्त कूटर और भारत के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कनाडा-भारत व्यापारिक साझेदारी को और मजबूत करने के नए तरीकों पर चर्चा की। गुरुवार को नई दिल्ली स्थित कनाडा के उच्चायोग ने इसकी जानकारी दी।

बुधवार को हुई इस मुलाकात के मुख्य बिंदु का उल्लेख करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया गया कि इस बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और साझा समृद्धि को बढ़ावा देना है। साथ ही उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) की दिशा में आगे बढ़ने के साथ आने वाले समय में और प्रगति होगी।

बुधवार को भारत के वाणिज्य विभाग ने सचिव अग्रवाल संग हुई बैठक का जिक्र किया था। एक्स पर बताया कि अग्रवाल ने भारत में कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर से मुलाकात की। इस बैठक में भारत-कनाडा आर्थिक सहयोग को मजबूत करने, व्यापार और निवेश संबंधों को और गहरा करने तथा जारी व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) वार्ता को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। वाणिज्य सचिव ने दोनों पक्षों के प्रयासों की सराहना की और मई में केंद्रीय



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की कनाडा यात्रा के सकारात्मक परिणामों का उल्लेख किया। इस यात्रा में अब तक के सबसे बड़े उच्चस्तरीय भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया था। इसमें बताया गया कि नई गति के साथ भारत और कनाडा अपनी आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## फोटो स्टोरी



यूक्रेन के रुसी कब्जे वाले डोनिटस्क क्षेत्र में क्षतिग्रस्त इमारतें। रुस का आरोप है कि ये नुकसान यूक्रेन के ड्रोन हमलों से हुआ है।

## चीन ने बना दिया दुनिया का सबसे शक्तिशाली सुपरकंप्यूटर

**बीजिंग, यूटर्न/ 25 जून ।** प्रौद्योगिकी की दुनिया में चीन ने एक बार फिर अपनी धाक जमाई है। सुपरकंप्यूटिंग के क्षेत्र में एक बड़ा मील का पत्थर स्थापित करते हुए, चीन के लाइनशाइन नामक सुपरकंप्यूटर ने अमेरिका के शीर्ष कंप्यूटर को पछाड़कर दुनिया में नंबर एक का स्थान हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि साल 2017 के बाद पहली बार है जब किसी चीनी कंप्यूटर ने यह गौरव प्राप्त किया है, जो देश की बढ़ती तकनीकी क्षमता का एक स्पष्ट संकेत है और वैश्विक तकनीकी परिदृश्य में चीन की मजबूत स्थिति को दर्शाता है। शेनझेन शहर में स्थित नेशनल सुपरकंप्यूटिंग सेंटर में स्थापित यह लाइनशाइन, हाल ही में जारी हुई प्रतिष्ठित टॉप500 रैंकिंग में शीर्ष पर आया है। यह रैंकिंग वैश्विक स्तर पर सबसे शक्तिशाली सुपरकंप्यूटरों को सूचीबद्ध करती है और इसे किसी भी देश की वैज्ञानिक तथा तकनीकी प्रगति के एक महत्वपूर्ण संकेतक के रूप में देखा जाता है।

## ईरान बहुत बड़ी रियायतें दे रहा, मेरी हर बात मान रहा: अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप

» वाशिंगटन, यूटर्न/ 25 जून ।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान, अमेरिका के साथ बातचीत में बहुत बड़ी छूट दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बातचीत आगे बढ़ने का भरोसा जताते हुए चेतावनी दी कि अगर जरूरत पड़ी तो यूएस सुरक्षा बल का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। कैपिटल में मीटिंग से पहले और बाद में बुधवार (स्थानीय समय) को व्हाइट हाउस में नाटो के महासचिव मार्क रूटे के साथ बातचीत के दौरान ट्रंप ने मीडिया से तेहरान के साथ डिप्लोमेसी को लेकर सकारात्मक बात कही। हालांकि, उन्होंने बार-बार इस बात पर जोर दिया कि सैन्य विकल्प अभी भी मौजूद है।

रिपब्लिकन सांसदों के साथ लंच मीटिंग से पहले ट्रंप ने कहा, 'जंग बहुत अच्छी चल रही है। जैसा कि आप जानते हैं, हम जीत रहे हैं। ईरान बहुत बड़ी रियायतें दे रहा है। देखते हैं क्या होता है, लेकिन यह बहुत दमदार रहा है और यह बहुत अच्छा चल रहा है।'

मीटिंग के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति



ने कहा कि तेहरान अमेरिका की मांगों को पूरा करना जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा, 'ईरान बहुत अच्छा बर्ताव कर रहा है। वे मेरी हर बात मान रहे हैं और उन्हें मानना ही होगा। नहीं तो, हम बस वापस जाकर वही करेंगे जो हमें करना है।' रूटे के साथ ओवल ऑफिस मीटिंग के दौरान ट्रंप ने फिर से बातचीत को लेकर भरोसा दिखाते हुए कहा, 'ईरान के साथ हमारी बातचीत बहुत अच्छी चल रही है।' कांग्रेस में ईरान युद्ध प्रस्ताव पर मतदान को लेकर ट्रंप ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई तेहरान को भ्रमित करने वाला और अनावश्यक संदेश देती है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *